सांध्य दैनिक
नई दृष्टिबिंदु
सच की शक्ति, जनता की दृष्टि
PRGI Reg No - CTHIN/25/A3746

सु-विचार
" इंसान ही इंसान की दवा है कोई सुख देता है तो कोई सुकून बन जाता है...!!
अज्ञात...

वर्ष–01 अंक–267 | संपादक आलोक तिवारी | दुर्ग, गुरूवार 15 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ 08 | मूल्य –2 रुपए

भिलाई के पाटन में दिखा दुर्लभ प्रवासी पक्षी पैसिफिक गोल्डन प्लोवर

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर इमरान अंसारी ने किया कैमरे में कैद

नई दृष्टिबिंदु /भिलाई

छत्तीसगढ़ में प्रवासी पक्षियों का सीजन शुरू होते ही पक्षी प्रेमियों के लिए खुशखबरी आई है। भिलाई के पाटन क्षेत्र में लंबी दूरी तय करने वाला प्रवासी पक्षी पैसिफिक गोल्डन प्लोवर (Pluvialis fulva) देखा गया है।

इस खूबसूरत पक्षी को भिलाई के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर *इमरान अहमद अंसारी* ने अपने कैमरे में कैद किया है। इमरान ने बताया कि यह उनके लिए एक खास अनुभव रहा।

साइबेरिया से आता है यह मेहमान

पैसिफिक गोल्डन प्लोवर मुख्य रूप से उत्तरी साइबेरिया और अलास्का में प्रजनन करता है। सर्दियों में हजारों किलोमीटर का सफर तय कर यह एशिया के गर्म क्षेत्रों, भारत में प्रवास करता है। इसकी सुनहरे–काले धब्बों वाली पीठ और जमीन पर भोजन तलाशने की आदत इसे अलग पहचान देती है।

यह पक्षी कई वर्षों तक जीवित रह सकता है, कुछ रिकॉर्ड में इसकी उम्र 20 साल से अधिक दर्ज है। वैश्विक स्तर पर यह अत्यंत दुर्लभ नहीं है, लेकिन छत्तीसगढ़ में इसका दिखना बर्ड वॉचर्स के लिए दुर्लभ अवलोकन है। इससे पहले यह पक्षी समुद्र तटीय इलाकों में ज्यादा देखा जाता रहा है, मैदानी छत्तीसगढ़ में इसका दिखना पर्यावरण संतुलन और वेटलैंड्स की अच्छी स्थिति का संकेत है। इमरान अंसारी इससे पहले भी कई प्रवासी पक्षियों को भिलाई–दुर्ग क्षेत्र में कैप्चर कर चुके हैं।

रायपुर में महिला क्रिकेट का महाकुंभ, 16 से शुरू होगी भारत–जिम्बाब्वे टी–20 सीरीज

महिलाओं के लिए फ्री एंट्री

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर क्रिकेट इतिहास का नया अध्याय लिखने जा रही है। नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला टी–20 सीरीज का आयोजन होने जा रहा है।

भारत और जिम्बाब्वे महिला टीम के बीच 3 मैचों की सीरीज 16, 18 और 20 अक्टूबर को खेली जाएगी। तीनों मुकाबले शाम 7 बजे से फ्लड लाइट में होंगे।

भारतीय टीम रायपुर पहुंच चुकी है। मंगलवार को टीम ने स्टेडियम में जमकर पसीना बहाया। नेट्स में बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग ड्रिल हुई। कप्तान स्मृति मंधाना ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, "कप्तानी नई जिम्मेदारी है, लेकिन मेरी बैटिंग अप्रोच में कोई बदलाव नहीं आएगा। वही इंटेंशन और एग्रेसन दिखेगा। टीम युवा और अनुभवी का बेहतरीन मिश्रण है।"

टीम इंडिया –कप्तान – स्मृति मंधाना उपकप्तान – शेफाली वर्मा अन्य सदस्य – हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी, निकी प्रसाद, अनुष्का शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिंतिमणि कलिता, मिन्नू मणि।

जिम्बाब्वे टीम भी बुधवार तक रायपुर पहुंच जाएगी।

महिला सशक्तिकरण की मिसाल

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (उरउर) और इउउककी यह संयुक्त पहल महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए है। उरउर ने घोषणा की है कि तीनों मैचों में महिला दर्शकों के लिए स्टेडियम में एंट्री पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। महिला दर्शक किसी भी गेट से फ्री प्रवेश कर सकें ंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पहले मैच के लिए चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया है। उनके साथ खेल मंत्री और उरउर पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। टिकट केवल ऑनलाइन मिलेंगे। ढ्ढ'ईंह्ली ऐप पर 12 अक्टूबर शाम 4 बजे से बिक्री शुरू हो चुकी है।

टिकट दरें

लोअर स्टैंडः 250 रु. (सिंगल मैच), 499 रु. (3 मैचों का सीजन पास)

फैमिली कॉम्बोः 2 लोग 350 रु., 4 लोग 600 रु. पवेलियनः सिल्वर (4ई फ्लोर) 2000 रु., गोल्ड 2500 रु., प्लेटिनम/कॉपीरेट बॉक्स 3500 रु. एक कऊ से अधिकतम 6 टिकट स्टेडियम में एंट्री दफकोड/डिजिटल टिकट से होगी। ऑफलाइन काउंटर नहीं लगेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने 8 पार्किंग जोन बनाए हैं।

20 आरोपी, 22 फर्मों के खिलाफ 27000 पन्नों का चालान पेश

3200 करोड़ के शराब घोटाले में बड़ा एक्शन

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 3200 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में एसीबी–ईओडब्ल्यू की टीम ने बुधवार को स्पेशल कोर्ट में बड़ा चालान पेश किया। 27000 पन्नों के इस चालान में 20 व्यक्तिगत आरोपी और 22 कंपनियों/फर्मों को आरोपी बनाया गया है। इसमें कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, यश टूटेजा, अख्तर ढेबर सहित कई बड़े नाम शामिल हैं। बीआर लोहिया और खंजन ठक्कर उर्फ कुमार भाई ठक्कर के खिलाफ फरारी में चालान पेश किया गया है।

ब्लैक को व्हाइट करने का खेल

काले धन को बैंक एंट्री लेकर कागजों पर अनसिक्योर्ड लोन दिखाया गया और फिर जमीन, महंगी संपत्तियों में लगाया गया।

लॉकडाउन में भी नहीं रुका खेल

कोविड लॉकडाउन के दौरान भी सिलतरा स्थित एनवी डिस्टिलरी में नया प्रोडक्शन कर स्टॉक की गई शराब को होटल–बार के जरिए बेचा गया।

कौन–कौन आरोपी

व्यक्तिगत आरोपी – रामगोपाल अग्रवाल, नवीन केडिया, राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू, भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया उर्फ गोल्डी भाटिया, प्रिंस भाटिया, विधु गुप्ता, अशोक सिंह, नवनीत गुप्ता, सत्येंद्र प्रकाश गर्ग, विकास कुमार, राजीव द्विवेदी, एन. उदय राव, आशीष सौरभ केडिया, सुमित मालू उर्फ टिंकू मालू, रवि बजाज, आशीष श्रीवास्तव, यश टूटेजा, अख्तर ढेबर, बीआर लोहिया, खंजन ठक्कर।

फर्में – छत्तीसगढ़ डिस्टिलरी लिमिटेड, वेलकम डिस्टिलरी प्रा. लि., भाटिया वाइन्स मर्चेंट्स प्रा. लि., प्रिज्म होलोग्राफी एंड सिक्योरिटी फिल्म्स प्रा. लि., दिशिता वेंचर्स प्रा. लि., ओम साई बेवरेजेस प्रा. लि., नेक्सजेन पावर इंजीटेक प्रा. लि. सहित 22 कंपनियां।

कैसे होता था घोटाला

जांच में सामने आया कि अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और सिंडिकेट से जुड़े लोगों ने आबकारी व्यवस्था का दुरुपयोग किया। अवैध शराब बिक्री का पैसा विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू के जरिए हवाला कारोबारी सुमित मालू उर्फ टिंकू मालू, रवि बजाज तक पहुंचता था। फिर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, राजकोट में आंगड़िया नेटवर्क से बांटा जाता था। मुंबई में श्रीजी आंगड़िया नेटवर्क के खंजन ठक्कर ने मुंबई में रकम लेकर दुबई में विकास अग्रवाल को भुगतान किया। मोबाइल से मिली एक्सेल शीट में रकम और टोकन नंबर के सबूत मिले हैं।

बलौदाबाजार में दर्दनाक सड़क हादसा
तीन मौसेरे भाइयों की मौत

नई दृष्टिबिंदु / बलौदाबाजार

जिले के पलारी थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रायपुर–पलारी मार्ग पर घोटिया मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक आपस में मौसेरे भाई बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, तीनों युवक नवरात्रि के अवसर पर पलारी की ओर आ रहे थे। पलारी से करीब चार किलोमीटर पहले घोटिया मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

आसपास के लोगों ने तत्काल डायल 112 और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले पलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया।

घायलों में से प्रेम धीवर (18 वर्ष) की सोमवार रात ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल राज धीवर (18 वर्ष) और खिलेश्वर धीवर (18 वर्ष) को रायपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां दोनों ने बुधवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही परिवार के हैं और मौसेरे भाई हैं। त्योहार के मौके पर घर लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में ही काल ने उन्हें छीन लिया। एक साथ तीन युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक का माहौल है।

पलारी पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि ट्रक सड़क किनारे बिना किसी संकेत के खड़ा था या नहीं।

मामूली विवाद के बाद जानलेवा हमला

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के देवपुरी इलाके में वाहन को साइड देने को लेकर हुए विवाद के बाद युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। रायपुर के तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश शैलेश शर्मा की अदालत ने आरोपी वीरेंद्र कुमार बिसेन उर्फ बाहु को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 सहपठित धारा 34 के तहत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 2 हजार रुपये के अथर्दंड से दंडित किया है। इसके अलावा धारा 323 सहपठित धारा 34 के अंतर्गत 500 रुपये का अथर्दंड भी लगाया गया है। यह मामला वर्ष 2019 में टिकरापारा थाना क्षेत्र के देवपुरी स्थित यूनियन बैंक के पास हुई मारपीट और चाकूबाजी की घटना से संबंधित है।

सुकमा में CRPF सब इंस्पेक्टर ने सर्विस हथियार से खुद को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

नई दृष्टिबिंदु / सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सीआरपीएफ के एक उपनिरीक्षक ने अपने सर्विस हथियार से खुद को गोली मार ली। घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए जाने के बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान उपनिरीक्षक देवानंद यादव पिता रामानंद यादव के रूप में हुई है, जो मेट्टागुड़म कैंप में पदस्थ थे।

घटना 13 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे मेट्टागुड़म स्थित सीआरपीएफ कैंप की है। गोली की आवाज सुनते ही कैंप के अन्य जवान मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल देवानंद को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद कैंप में शोक की लहर है।

शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भाजपा नेता राकेश पांडेय होंगे मिर्ची रॉक एंड ढोल गरबा महोत्सव के मुख्य अतिथि, 18 अक्टूबर को होगा समापन

दुर्ग–भिलाई की जनता से कार्यक्रम में शामिल होकर माता की सेवा करने की अपील की है

नई दृष्टिबिंदु /भिलाई

दुर्ग–भिलाई के लोकप्रिय भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ राज्य खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) राकेश पांडेय मिर्ची रॉक एंड ढोल रास गरबा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

एटी ज्वैलर्स प्रस्तुत रेडियो मिर्ची के इस गरबा कार्यक्रम के लिए रेडियो मिर्ची और मीडिया पार्टनर नई दृष्टि बिंदु द्वारा उन्हें आमंत्रित किया गया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

श्री पांडेय ने 18 अक्टूबर को चौहान एम्पोरियम में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने की सहमति दी है। उन्होंने दुर्ग–भिलाई की जनता से कार्यक्रम में शामिल होकर माता की सेवा करने की अपील की है।

साथ ही उन्होंने नई दृष्टि बिंदु द्वारा किए जा रहे वृहद रास गरबा आयोजन को लेकर संपादक आलोक तिवारी की तारीफ करते हुए कहा कि नई दृष्टि बिंदु शहर की जनता के लिए नए–नए कार्यक्रम कराता रहता है। आप जरूर आएं और कार्यक्रम का लुत्फ उठाएं। ऑफलाइन पास एटी ज्वैलर्स नेहरू नगर से प्राप्त किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नई दृष्टि बिंदु से संपर्क कर सकते हैं।

गरबा नाइट में मुस्लिम युवकों की मौजूदगी पर विरोध, जमकर हुआ हंगामा

नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग

नवरात्रि के अवसर पर दुर्ग जिले में जगह–जगह गरबा का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन दुर्ग के पद्मनाभपुर स्थित हॉकी ग्राउंड में गरबे के आयोजन में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल काटा है। इस दौरान जमकर झूमाझटकी और मारपीट भी हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

दरअसल पूर्व महापौर और दुर्ग शहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की ओर से आयोजित दो दिवसीय गरबा नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान बजरंग दल के लोगों ने गरबा में फिल्मी गाने और मुस्लिम लड़कों की उपस्थिति का विरोध किया। वायरल वीडियो में बजरंग दल के जिला संयोजक मंच पर चढ़कर माइक से विरोध करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान आयोजक और बजरंग दल के जिला संयोजक राम लोचन तिवारी के बीच मारपीट भी हुई।

भक्ति के पंडालों में न्याय और जागरूकता की गूंज : नवरात्र में DLSA दुर्ग की अनूठी पहल

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर इमरान अंसारी ने किया कैमरे में कैद

नई दृष्टिबिंदु / भिलाई

नवरात्र के पावन अवसर पर जहाँ पूरा शहर माँ दुर्गा की भक्ति में लीन है, वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , दुर्ग ने आस्था के इन मंचों को जन-जागरूकता का एक सशक्त माध्यम बना दिया है। उ्छरअ द्वारा विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में विशेष विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर नागरिकों को उनके अधिकारों, साइबर सुरक्षा और बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

यह सराहनीय अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन तथा सचिव श्री उमेश कुमार भागवतकर के कुशल निर्देशन में चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य विधिक जागरूकता को अदालतों से निकालकर सीधे जनता के बीच पहुँचाना है।

आज के डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए शिविर में पहुँच रहे श्रद्धालुओं को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने की महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। विधिक विशेषज्ञों द्वारा लोगों को समझाया जा रहा है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी (डळढ), बैंक खाता विवरण या पिन साझा न करें। साथ ही, किसी भी संदेहास्पद लिंक पर क्लिक करने से बचें। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

शिविरों में बच्चों के भविष्य और उनके अधिकारों को लेकर भी विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। नागरिकों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (टअछरअ) की नवीन शिक्षा योजना 2026 और शिक्षा के अधिकार

(फ्ळए) के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित किया जा रहा है कि वे बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें, क्योंकि एक शिक्षित बच्चा ही सशक्त समाज की आधारशिला रखता है। जरूरतमंद और पात्र बच्चों के लिए शासन द्वारा उपलब्ध विधिक व आर्थिक सहायता की जानकारी भी साझा की गई।

न्याय पहुँचा नागरिकों के द्वार

पंडालों में उमड़ रही भारी भीड़, विशेषकर महिलाओं और युवाओं तक सीधे पहुँचने की इस पहल की आम जनता काफी सराहना कर रही है। विधिक सेवा प्राधिकरण की इस अनूठी पहल ने यह साबित कर दिया है कि सामाजिक उत्तरदायित्व और नागरिक चेतना को धार्मिक उत्सवों के साथ जोड़कर समाज में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

खास खबर

मोदी सरकार के संरक्षण में चल रही 'वोट चोरी' के खिलाफ फूटा आक्रोश

नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे "वोट बचाओझ्रदेश बचाओ" जनांदोलन के द्वितीय चरण (10 से 20 अक्टूबर) के तहत आज जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) अंतर्गत धमधा और अहिवारा में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और तानाशाह मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने आर-पार का मोर्चा

खोल दिया।

सैंकड़ो की संख्या में सड़कों पर उतरे आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने, उन्हें गिरफ्तार करने और पद से तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार और चुनाव आयोग के नापाक गठजोड़ पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के इशारे पर मुख्य चुनाव आयुक्त लोकतंत्र की सरेआम बलि दे रहे हैं।

धमधा में आयोजित मुख्य विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री रवींद्र चौबे एवं जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा को नमन कर निकाली गई विशाल पदयात्रा में कार्यकर्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर था। एसडीएम कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाकर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की।

पूर्व कैबिनेट मंत्री रवींद्र चौबे ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली सबसे गहरे संकट में है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पूरी तरह से निरंकुश मोदी सरकार के औजार और कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। फॉर्म-6 में अवैधानिक व मनमाने बदलाव करके देश के वैधानिक मतदाताओं के अधिकार छीने जा रहे हैं और भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए 'वोट चोरी' का संगठित अपराध चलाया जा रहा है। ज्ञानेश कुमार को मोदी सरकार का खुला राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके दम पर वे संवैधानिक मर्यादाओं की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसे भ्रष्ट और पक्षपाती चुनाव आयुक्त को एक मिनट भी अपने पद पर रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाना चाहिए।

जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार चुनाव जीतने के लिए अब जनता के फैसले पर नहीं, बल्कि ज्ञानेश कुमार जैसी कठपुतलियों की मेहरबानी पर निर्भर हो चुकी है। चुनाव आयोग अब निष्पक्ष संस्था न रहकर भाजपा का चुनावी कार्यालय बन चुका है। हम मोदी सरकार और ज्ञानेश कुमार के इस लोकतंत्र विरोधी गठजोड़ को उखाड़ फेंकेंगे। जब तक इस भ्रष्ट व्यवस्था पर एफआईआर दर्ज नहीं होती और ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं होता, कांग्रेस का एक-एक सिपाही सड़कों पर डटा रहेगा।

पटवारियों की हड़ताल जारी शासन से बातचीत बेनतीजा

फसल सर्वे और फसलों के भौतिक सत्यापन के लिए उपयोग किए जा रहे पीवी ऐप को लेकर पटवारियों की नाराजगी

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ में अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारियों और शासन के बीच गतिरोध बरकरार है। भू-अभिलेख संचालक के साथ हुई बैठक में भी समस्याओं का समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद राजस्व पटवारी संघ ने आंदोलन जारी रखने का फैसला लिया है। पटवारी वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने और डिजिटल फसल सर्वे में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं का निराकरण करने की मांग कर रहे हैं। हड़ताल के चलते प्रदेश में राजस्व से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसका असर किसानों और आम नागरिकों पर भी पड़ने की आशंका है। संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। भू-अभिलेख संचालक के साथ बैठक में नहीं बनी सहमति राजस्व पटवारी संघ की समस्याओं को लेकर शासन स्तर पर बातचीत की गई। भू-अभिलेख संचालक के साथ हुई बैठक में पटवारियों की विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई, लेकिन कोई ठोस समाधान सामने नहीं आ सका।संघ के अनुसार, डिजिटल फसल सर्वे से संबंधित तकनीकी समस्याओं और लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर स्पष्ट निर्णय नहीं होने से पटवारियों में नाराजगी बनी हुई है। पटवारी संघ का कहना है कि लगातार समस्याएं सामने रखने के बावजूद उनका संतोषजनक निराकरण नहीं हो रहा है। ऐसे में आंदोलन जारी रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इस्तीफा देने की बात सामने आने से पटवारी संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई। संघ का कहना है कि पटवारियों के सामने आ रही समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। बिना समाधान के आंदोलन समाप्त करने का दबाव बनाना उचित नहीं है। पटवारी संघ ने अपनी मांगों पर बातचीत जारी रखने की बात कही है, लेकिन फिलहाल हड़ताल वापस लेने का निर्णय नहीं किया है।

13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पटवारी छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ ने 13 अक्टूबर 2026 से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की थी। इसका प्रमुख कारण पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक परेशानियां हैं। पटवारियों का आरोप है कि फसल सत्यापन के दौरान आने वाली समस्याओं को लेकर उनकी शिकायतों का निराकरण करने के बजाय कुछ कमर्चारियों के खिलाफ कारर्वाई की गई। संघ ने निलंबन और तबादले जैसी कारर्वाइयों का भी विरोध किया है। इसके साथ ही वेतन विसंगति और पदोन्नति से जुड़े पुराने मुद्दों को भी आंदोलन में शामिल किया गया है।

पीवी ऐप की समस्याओं से नाराज पटवारी डिजिटल फसल सर्वे और फसलों के भौतिक सत्यापन के लिए उपयोग किए जा रहे पीवी ऐप को लेकर पटवारियों की नाराजगी बनी हुई है। संघ का कहना है कि ऐप के इस्तेमाल में तकनीकी और व्यावहारिक कठिनाइयां सामने आ रही हैं। इसके बावजूद निर्धारित समय में सत्यापन कार्य पूरा करने का दबाव रहता है। पटवारियों ने मांग की है कि डिजिटल सर्वे की प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए और फील्ड स्तर पर काम करने वाले कमर्चारियों की व्यावहारिक परेशानियों को ध्यान में रखा जाए। संघ का यह भी कहना है कि कमर्चारियों की मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल की आवश्यकता है। वेतन विसंगति और पदोन्नति भी प्रमुख मांग पटवारी संघ लंबे समय से वेतन विसंगति दूर करने और पदोन्नति के अवसर बढ़ाने की मांग कर रहा है। संघ का कहना है कि इन मुद्दों को लेकर पूर्व में भी शासन के समक्ष अपनी बात रखी गई थी, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं मिल पाया है। वतर्मान आंदोलन के दौरान इन मांगों को दोबारा प्रमुखता से उठाया गया है। संघ चाहता है कि शासन वेतन और पदोन्नति संबंधी समस्याओं पर ठोस निर्णय ले। किसानों और आम नागरिकों के कामकाज पर असर पटवारियों की हड़ताल का असर राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों पर पड़ रहा है। भूमि अभिलेख, फसल सत्यापन और अन्य राजस्व संबंधी प्रक्रियाओं में पटवारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

राहटादाह मोतिमपुर मार्ग का होगा निर्माण सांसद विजय बघेल ने किया भूमिपूजन

नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग।

धमधा विकासखंड के ग्राम पंचायत बिरझापुर में सड़क निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ सांसद विजय बघेल एवं साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू की अध्यक्षता में दोनों सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा गांवों के बीच संपर्क और मजबूत होगा।

कार्यक्रम के दौरान बिरझापुर से परसबोड़ मार्ग के 6 किलोमीटर लंबाई के निर्माण कार्य, जिसकी लागत 721.93 लाख रुपये निर्धारित है, का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही ग्राम राहटादाह से मोतिमपुर मार्ग के 2.30 किलोमीटर लंबाई के निर्माण कार्य, जिसकी लागत 298.77 लाख रुपये है, का भी भूमिपूजन किया गया। दोनों सड़क निर्माण कार्यों पर कुल 1020.70 लाख रुपये अर्थात लगभग 10.21 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने के साथ ही किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों को दैनिक कार्यों, कृषि गतिविधियों तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में सहूलियत होगी। साथ ही क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

कार्यक्रम में तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, जिला पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष पवन शर्मा, भाजपा धमधा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, जनपद पंचायत धमधा के अध्यक्ष लोमन साहू, एससी मोर्चा अध्यक्ष छत्रपाल चंदेल, जनपद पंचायत धमधा की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति देवांगन, मंडल मंत्री श्रीमती मनीषा ताम्रकार, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोहित राजपूत, मंडल मंत्री मनमोहन चंदेल, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिलीप गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलदाऊ पाल सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सड़क निर्माण कार्यों के भूमिपूजन को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

दुर्ग पॉलिटेक्निक कॉलेज का उन्नयन होगा, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन

नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग।

दुर्ग के उदय प्रसाद शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में ?886.51 लाख की स्वीकृत राशि से होने वाले विभिन्न विकास एवं उन्नयन कार्यो का भूमिपूजन आज शिक्षा मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किये। इन कार्यो से कॉलेज में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

दुर्ग का उदय प्रसाद शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एक पुराना एवं महत्वपूर्ण तकनीकी शिक्षण संस्थान है, जहाँ दुर्ग जिले सहित संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। लंबे समय से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहा यह संस्थान युवाओं को तकनीकी ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में कॉलेज की अधोसंरचना का विकास विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के पहल से स्वीकृत कार्यो के अंतर्गत ऑफिस ब्लॉक का रिनोवेशन, कॉलेज परिसर में सीसी रोड निर्माण, टॉयलेट निर्माण, सिविल विंग का विस्तार, निकासी नाली एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यो के पूर्ण होने से कॉलेज परिसर में सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों और कॉलेज प्रबंधन को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल विद्यालयों और महाविद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और कौशल आधारित प्रशिक्षण के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना भी है।

लायंस क्लब भिलाई पिनाकले के सेवा सप्ताह का आगाज

बच्चों को पौष्टिक आहार और निगम की महिला कर्मियों को साड़ी देकर किया सम्मान

नई दृष्टिबिंदु / भिलाई

लायंस क्लब भिलाई पिनाकले द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। क्लब के पिनाकले कार्यालय में मॉडल टाउन के बच्चों को पौष्टिक आहार वितरित किया गया।

इसी क्रम में शहर को स्वच्छ रखने में योगदान देने वाली नगर निगम भिलाई की महिला कमर्चारियों के सम्मान में सुपेला नगर निगम कार्यालय में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि निगम कमिश्नर सुरुचि सिंह कंवर रहीं। महिला कमर्चारियों को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसकी

कमिश्नर ने सराहना की।

कार्यक्रम में चार्टर प्रेसिडेंट लायन विभा भूतानी, रीजन चेयरपर्सन लायन अंजना विनायक, प्रेसिडेंट लायन शालिनी सोनी, सेक्रेटरी लायन शोभा जांभुलकर, पास्ट प्रेसिडेंट लायन उमिर्ला तावरी और वाइस प्रेसिडेंट लायन रश्मि गेडाम उपस्थित रहीं।

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग

-:: ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र. अ-6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि द्वावेदक गिरधर लाल साहू पिता स्व. मनोहर लाल साहू निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि ख.नं. 4454 रकबा 0.02हे. भूमि आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिश्वामी का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.10.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग

-:: ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र. अ-6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अविदक मीराज अहमद पिता दिलबास निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि ख.नं. 3422/4 रकबा 0.02हे. भूमि आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है भूमिश्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.10.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग

-:: ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र. अ-6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अविदक मीराज अहमद पिता दिलबास निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि ख.नं. 2577/105 रकबा 0.003हे. भूमि आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है भूमिश्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीतानी का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.10.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिधि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय मे मामला क्रमांक:
202610101000034/
विषय:- अ-6
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2026-2027

खेदामारा (प ह न. 00011)

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार अब्बास अली नियाजअली इस्तियाक अली नासिर अली, तनुजाखातुन हाजराखातुन रूखसानाखातुन, हलीमा बेगम, अहमद अली, तौहिद अली

अनावेदक पक्षकार -अब्बास अली नियाजअली इस्तियाक अली नासिरअली, तनुजाखातुन हाजराखातुन रूखसानाखातुन,

ईश्तहार

आवेदक - हलीमा बेगम पति स्व. न्याज अली निवासी नवातारिया खेदामारा द्वारा ग्राम - खेदामारा प.ह.न. 11 रा.नि.म. जेवरा सिरसा तहसील जिला - दुर्ग स्थित भूमि ख.न. 47, 457, 458, 459, 462, 467 रकबा 0.18, 0.10, 0.57, 0.50, 0.13, 0.18 है. है जो भूमिस्वामी अबास अली मंसूर अली एवं अन्य के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। भूमिस्वामी न्याज अली पिता मंसूर अली की मृत्यु दिनांक 16.11.2025 को हो जाने के करण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसनो का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण बाबात आवेदन पत्र मय खसरा बी. I. मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है!

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28/10/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/10/2026 को जारी किया जाता है।

DIKESHWAR SAHU
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

फरार शोएब ढेबर पर शिकंजा : 25 करोड़ रंगदारी मामले में पुलिस ने जारी किया लुकआउट सर्कुलर

पहली बार गिरफ्तार भी किया था, लेकिन बाद में उसे जमानत मिल गई थी

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

कांग्रेस नेता आनंद कुकरेजा से 25 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में फरार चल रहे शोएब ढेबर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रायपुर पुलिस ने उसके विदेश भागने की आशंका को देखते हुए लुकआउट सर्कुलर (छडउ) जारी कर दिया है। इससे पहले पुलिस ने उस पर 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था।

यह पूरा मामला सितंबर महीने का है। कांग्रेस नेता आनंद कुकरेजा को एक विदेशी व्हाट्सएप नंबर से धमकी भरा मैसेज मिला था। मैसेज में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर 25 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी और रकम नहीं देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी।



शिकायत के बाद मामले की जांच एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (अउउव) को सौंपी गई। जांच में कारोबारी अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर का नाम सामने आया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ भी की थी और पहली बार गिरफ्तार भी किया था, लेकिन बाद में उसे जमानत मिल गई थी।

जमानत के बाद जब पुलिस ने दोबारा कार्रवाई के लिए उसकी तलाश शुरू की तो वह घर से फरार मिला। कई जगह दबिश देने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो पुलिस ने 5 हजार का इनाम घोषित किया।

अब पुलिस को इनपुट मिला है कि शोएब देश छोड़कर भागने की फिराक में है। इसी को रोकने के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। छडउ जारी होने के बाद अब सभी एयरपोर्ट, इमिग्रेशन चेक पोस्ट और बॉर्डर पर उसकी जानकारी भेज दी गई है। यदि वह देश छोड़ने की कोशिश करेगा तो तुरंत पकड़ लिया जाएगा।

रायपुर पुलिस का कहना है कि मामले में लगातार जांच चल रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्कूल में सोने वाले प्रधानपाठक को हटाने कलेक्टर से की मांग

नई दृष्टिबिंदु / कोण्डागांव

कोण्डागांव जिला के केशकाल तहसील के ग्राम पंचायत उमरादाह अंतर्गत प्राथमिक शाला मातेंगा में पदस्थ प्रधानपाठक सैय्यद शहबाज अली पासा पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानपाठक नियमित रूप से स्कूल नहीं आते हैं और जब स्कूल पहुंचते हैं, तब भी लापरवाही बरतते हैं। ग्रामीणों ने स्कूल में सोते हुए शिक्षक की तस्वीर भी कलेक्टर को दिखाते हुए उनके स्थान पर दूसरे शिक्षक की पदस्थापना करने की मांग की है। ग्राम मातेंगा निवासी मेघनाथ गोटा ने बताया कि प्रधानपाठक सप्ताह में केवल दो-तीन दिन ही स्कूल आते हैं और अक्सर बीमारी या अन्य कारणों का हवाला देकर एक से डेढ़ महीने तक छुट्टी पर रहते हैं। इससे स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बच्चों की पढ़ाई में परेशानी आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने पहले भी प्रधानपाठक को मौखिक रूप से समझाया था और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के समक्ष शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

खास खबर

शिक्षक भर्ती परीक्षा अब 6 दिसंबर को, पहले से आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा आवेदन की जरूरत नहीं

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

सहायक शिक्षक और शिक्षक पदों के लिए भर्ती परीक्षा की नई तारीख घोषित कर दी गई है। अब यह परीक्षा 6 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा 11 अक्टूबर को होनी थी, जिसे हाईकोर्ट के आदेश के बाद दो दिन पहले निरस्त कर दिया गया था। कमर्चारी चयन मंडल (व्यापम) ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पोर्टल खुलेगा

हाईकोर्ट के आदेश के बाद दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित और सेरेब्रल पाल्सी श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थियों को इस भर्ती के लिए पात्र माना गया है। इनके लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 15 अक्टूबर से खुलेगा और अंतिम तिथि 30 अक्टूबर होगी। त्रुटि सुधार के लिए 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक समय दिया गया है।

पुराने आवेदकों को फिर से आवेदन नहीं करना

मंडल ने स्पष्ट किया है कि पोर्टल केवल नए पात्र दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए खोला गया है। जो अभ्यर्थी पहले ही आवेदन कर चुके हैं, उन्हें दोबारा किसी भी प्रकार के आवेदन की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा केंद्र 16 जिला मुख्यालयों में बनाए जाएंगे। पाठ्यक्रम और अन्य नियम पूर्ववत ही रहेंगे, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। विस्तृत अधिसूचना व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

फर्जीवाड़ा, राव हॉस्पिटल का संचालक पर FIR दर्ज

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आरंग स्थित राव हॉस्पिटल में फायर सेफ्टी एनओसी को लेकर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन पर अग्निशमन विभाग के नियमों की अनदेखी करते हुए फायर सेफ्टी एनओसी का नवीनीकरण कराने के बजाय कंप्यूटर ग्राफिक्स की मदद से फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने का आरोप लगा है। नियमित सुरक्षा जांच के दौरान इस कथित जालसाजी का खुलासा हुआ। मामले में न्यू रायपुर फायर ब्रिगेड के निरीक्षक की शिकायत पर आरंग थाना पुलिस ने अस्पताल संचालक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घर में घुसा तेंदुआ, तीन लोगों पर किया हमला, दो की हालत गंभीर सुरक्षा ऑडिट में खुली फर्जीवाड़े की पोल जानकारी के मुताबिक, अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम नियमित सुरक्षा ऑडिट के तहत आरंग स्थित राव हॉस्पिटल पहुंची थी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन से फायर सेफ्टी एनओसी से संबंधित दस्तावेज मांगे। इस पर अस्पताल प्रबंधन ने अधिकारियों को एनओसी की फोटोकॉपी उपलब्ध कराई। दस्तावेज की जांच करते समय अधिकारियों को कुछ जानकारियां संदिग्ध लगीं। इसके बाद प्रमाण पत्र पर अंकित विवरण का शासकीय पोर्टल से मिलान किया गया। जांच में एनओसी की तारीख और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों में अंतर सामने आया।

रायगढ़ के छात्र कृष्ण अग्रवाल को 12वें राष्ट्रीय स्तरीय प्रदशर्नी एवं परियोजना प्रतियोगिता में मिला सम्मान

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया सम्मानित, बच्चों की सुरक्षा के लिए विकसित किया अनूठा इलेक्ट्रिक प्रेस मॉडल

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ के होनहार छात्र कृष्ण अग्रवाल ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचार से राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। रायगढ़ जिले के जिंदल पब्लिक स्कूल के छात्र कृष्ण अग्रवाल को नई दिल्ली में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रदशर्नी एवं परियोजना प्रतियोगिता में उनके अभिनव प्रोजेक्ट फ्लिप इलेक्ट्रिक आयरन फॉर चाइल्ड सेफ्टी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ के होनहार छात्र कृष्ण अग्रवाल की इस उपलब्धि के लिए शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने बधाई दी। विद्यार्थी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने छात्र कृष्ण अग्रवाल की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों में प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच की अपार संभावनाएं हैं। कृष्ण अग्रवाल ने अपने उपयोगी नवाचार के माध्यम से यह साबित किया है कि हमारे विद्यार्थी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं। शिक्षा मंत्री ने कृष्ण के साथ उनके अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कृष्ण अग्रवाल की सफलता छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों को विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना है

शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचार समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करने के साथ ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

बच्चों को गर्म इलेक्ट्रिक प्रेस से जलने से बचाएगा नवाचार

छात्र कृष्ण अग्रवाल ने ह्यत्र्क्ंस्र ए ्रीूइ१ृ क१्ङ्ग्ल्ल त्र्क्ष्१ ञ्ॅ ि रीइ८ह्ल नामक अभिनव मॉडल विकसित किया है। इसका उद्देश्य घरों में उपयोग होने वाली गर्म इलेक्ट्रिक प्रेस से छोटे बच्चों को जलने की दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखना है। इस मॉडल में ऑटो-फ्लिप तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे प्रेस को छोड़ने पर उसका गर्म हिस्सा ऊपर की ओर हो जाता है। इसके साथ ही 30 सेकंड में स्वचालित रूप से बंद होने की सुविधा और चाइल्ड लॉक जैसी सुरक्षा व्यवस्थाएं भी शामिल की गई हैं। कम लागत में तैयार यह मॉडल घरेलू सुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी साबित हो सकता है।

छत्तीसगढ़ से प्रस्तुत लगभग 80 हजार नवाचार विचारों में कृष्ण अग्रवाल के मॉडल का चयन शीर्ष 62 नवाचारों में हुआ। उनके प्रोजेक्ट को इंस्पायर मानक - 2026 के संकलन में भी स्थान मिला है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत से जुड़ी इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ पुलिस के 10 जांबाज बने कॉप ऑफ द मंथ, SP ने किया सम्मानित

नई दृष्टिबिंदु / बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी-कमर्चारियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुलिस विभाग ने सराहनीय पहल की है। अपराधों के निराकरण, जटिल मामलों की विवेचना, साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता, तकनीकी पुलिसिंग और आपातकालीन सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 पुलिस अधिकारी-कमर्चारियों को 'कॉप ऑफ द मंथ' के सम्मान से नवाजा गया है। बुधवार, 14 अक्टूबर 2026 को पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने चयनित पुलिसकमिर्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समाचार एसपी गौरव राय ने पुलिसकमिर्यों का बढ़ाया हौसला सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने चयनित अधिकारी-कमर्चारियों के कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करने वाले कमर्चारियों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। एसपी ने कहा कि पुलिसकमिर्यों का सम्मान करने से उनका मनोबल बढ़ता है। इसके साथ ही अन्य अधिकारी-कमर्चारियों को भी अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने पुलिसकमिर्यों से अपराध नियंत्रण, आम नागरिकों की सुरक्षा और जनसेवा के कार्यों में पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करने की अपेक्षा जताई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले निरीक्षक सम्मानित अपराधों के निराकरण और खात्मा स्वीकृति संबंधी कारर्वाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरीक्षक परिवेश तिवारी को सम्मानित किया गया। वे पूर्व में पलारी थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ थे और वतर्मान में सिमगा थाना प्रभारी हैं। इसी प्रकार अपराधों के निराकरण में जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निरीक्षक प्रवीण मिंज को भी 'कॉप ऑफ द मंथ' चुना गया। वे पूर्व में कसडोल थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। दोनों अधिकारियों को अपराध संबंधी लंबित प्रकरणों के निराकरण और पुलिस कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जटिल आपराधिक मामलों की बेहतर विवेचना पर मिला सम्मान जटिल आपराधिक मामलों में गुणवत्तापूर्ण एवं साक्ष्य आधारित विवेचना करने वाले पुलिस अधिकारियों को भी इस सम्मान के लिए चुना गया। उप निरीक्षक शेख करीमुद्दीन कुरैशी, जो पूर्व में थाना सिमगा में पदस्थ थे, को उत्कृष्ट विवेचना के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा सहायक उप निरीक्षक कुलमणी बारीक, जो पूर्व में थाना भाटापारा शहर में पदस्थ थे, को भी जटिल आपराधिक मामलों की प्रभावी जांच और साक्ष्य आधारित विवेचना के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। साइबर जागरूकता फैलाने वाले पुलिसकर्मी भी सम्मानित साइबर अपराधों से आम नागरिकों को बचाने और जागरूक करने के लिए संचालित राज्य स्तरीय अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकमिर्यों को भी सम्मान मिला। गिधौरी थाना प्रभारी उप निरीक्षक संदीप बंजारे और लवन थाने में पदस्थ आरक्षक प्रवीण यादव को साइबर जागरूकता अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'कॉप ऑफ द मंथ' चुना गया। दोनों पुलिसकमिर्यों ने साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रेत खदानों से हटा प्रतिबंध आज से शुरू होगी निकासी

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ में रेत खदानों पर लगा चार माह का प्रतिबंध आज 15 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। 10 जून से लागू यह प्रतिबंध मानसून के चलते लगाया गया था। प्रतिबंध हटने के साथ ही प्रदेश की सभी वैध खदानों में फिर से रेत उत्खनन शुरू हो जाएगा।

खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार रायपुर जिले में 16 अक्टूबर से 7 वैध खदानों में उत्खनन शुरू होगा। हालांकि इन सभी खदानों की अनुबंध अवधि वर्ष 2024 में ही समाप्त हो चुकी है।

बिना नीलामी के फिर मिल गई खदानें

गाइडलाइन के अनुसार अनुबंध समाप्त होने के बाद खदानों की दोबारा नीलामी होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पुराने ठेकेदारों को ही खदानें सौंप दी गई हैं। पिछले दो साल में यह दूसरी बार है जब खदानों की अनुबंध अवधि बढ़ाई गई है।

सात खदानों की लीज 3 साल बढ़ी

रायपुर खनिज विभाग के उप संचालक राजेश मालवे ने बताया कि प्रतिबंध हटने के बाद जिले में 11 खदानें वैध रूप से संचालित होंगी। इनमें 7 खदानों की लीज अवधि 3 साल के लिए बढ़ाई गई है और सभी को पर्यावरण विभाग से एनओसी मिल गई है।

पर्यावरण अनुमति पर सवाल

जिन खदानों की लीज बढ़ाई गई है, उनमें से कई पर पूर्व में नियम विरुद्ध खनन और पर्यावरण गाइडलाइन का पालन नहीं करने पर कार्वाई हो चुकी है। अधिकारियों का तर्क है कि एक्सटेंशन पर दोबारा पर्यावरण एनओसी की जरूरत नहीं पड़ती, जबकि नई नीलामी पर एनओसी अनिवार्य होती है।

चार और खदानें जल्द शुरू होंगी

विभाग के अनुसार 7 पुरानी खदानों के अलावा 4 अन्य खदानें भी जल्द शुरू होंगी। इनमें मोहमेला-ए, कागदेही और दो नई खदानें चंपाझर-ए और चंपाझर-बी शामिल हैं। इन चारों को भी पर्यावरण से एनओसी मिलने की बात कही जा रही है।

सेवा सेतु पोर्टल से आम नागरिकों को घर के नजदीक मिलेंगी 900 से अधिक शासकीय सेवाएं

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने तथा डिजिटल सेवा वितरण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जीपीएम कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में सेवा सेतु पोर्टल के संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकेश रावटे की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में जिले के सभी सेवा सेतु प्रबंधकों एवं अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के संचालकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध 900 से अधिक शासकीय सेवाओं, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों, सेवा प्रदायगी तथा प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों को डिजिटल माध्यम से शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सेवा केंद्र संचालकों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विशेष जोर दिया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकेश रावटे ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो। इसके लिए सेवा सेतु पोर्टल एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सेवा केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि नागरिकों को उपलब्ध सेवाओं की सही जानकारी देने के साथ ही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। आवेदनों के निराकरण में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने विशेष रूप से जिले के दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों को छोटे-छोटे शासकीय कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सेवा केंद्रों के माध्यम से उन्हें अपने नजदीक ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

प्रशिक्षण में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री घनश्याम शर्मा ने सेवा सेतु पोर्टल के तकनीकी पहलुओं, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया तथा विभिन्न डिजिटल सेवाओं के संचालन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने पोर्टल के सुचारू संचालन और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि सेवा सेतु पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन से शासकीय सेवाओं की उपलब्धता अधिक सुगम होगी तथा नागरिकों के समय और श्रम की बचत होगी। यह पहल डिजिटल प्रशासन को सुदृढ़ बनाने के साथ ही शासन की जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संपादकीय

शेयर सूचकांकों में भारी गिरावट आई

बीमा पॉलिसियों की बिक्री के दौरान कमीशन पर सीमा लगाने का प्रस्ताव सही दिशा में पहल है। शेयर बाजार की अतार्किक प्रतिक्रिया से बिना प्रभावित हुए इरडा को इस सुझाव पर कायम रहना चाहिए। बीते 24 सितंबर को शेयर सूचकांकों में भारी गिरावट आई, तो उस क्रम में भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के नए परामर्श पत्र पर ध्यान गया। इस पत्र में इरडा ने बीमा पॉलिसी देने, उसके ढांचे, खर्च, और कमीशन में सुधार के सुझाव दिए हैं। इस पर सभी हितधारकों से 25 अक्टूबर तक अपनी राय भेजने को कहा गया है। इसके तहत जीवन बीमा पॉलिसी में पहले साल का कमीशन वितरकों के लिए प्रीमियम का अधिकतम 20 प्रतिशत और एजेंटों के लिए 25 प्रतिशत पर सीमित करने का प्रस्ताव है। यह मौजूदा कमीशन के आधे से भी कम है। गौरतलब है, 2023 में कमीशन संबंधी सीमाएं हटा दी गई थीं। उससे इस कारोबार में असंतुलन पैदा हुआ। गलत ढंग से पॉलिसियों की बिक्री (मिस-सेलिंग) की शिकायतें बढ़ीं। एक आकलन के मुताबिक 2022-23 से 2024-25 के बीच सामान्य बीमा में ब्रोकरों का प्रीमियम 37 फीसदी बढ़ा, पर कमीशन 173 फीसदी। जीवन बीमा में कॉरपोरेट एजेंटों का प्रीमियम 28 प्रतिशत बढ़ा, जबकि कमीशन 125 प्रतिशत। इसलिए कहा जाएगा कि इस पर सीमा लगाने का प्रस्ताव सही पहल है। शेयर बाजार की अतार्किक प्रतिक्रिया से बिना प्रभावित हुए इरडा को इस पर कायम रहना चाहिए। आम समझ है कि किसी व्यक्ति के लिए सबसे अच्छी बीमा पॉलिसी वह होगी, जो सस्ती और जरूरत के अनुरूप हो। लेकिन हो यह रहा है कि जिस पॉलिसी में एजेंट या बैंक को सबसे ज्यादा कमीशन मिलता हो, वे उसी को बेचने में जोर लगाते हैं। इस क्रम में खरीदारों को भ्रामक फायदे बताए जाते हैं। उपभोक्ताओं की नजर से देखें, तो कमीशन पर सीमा लगने से एक लाभ तो यह होगा कि विक्रेता की दिलचस्पी ऊंचे कमीशन वाले उत्पाद से हटकर से सही उत्पाद की ओर लौट सकती है। पॉलिसी की ऑनलाइन बिक्री में भ्रामक तरीके घट सकते हैं। साथ ही बीमा उपभोक्ताओं में जागरूकता लाने की बड़ी जरूरत भी बनी हुई है, ताकि पॉलिसी लेते समय वे कवर, क्लेम-निपटान अनुपात, शुल्क, और किन मामलों में कंपनी लाभ देने से इनकार कर सकती है, आदि की पूरी जानकारी हासिल कर सकें। इसमें इरडा की सर्व-प्रमुख भूमिका है।

स्वास्थ्य सेवाओं के नए युग की ओर बढ़ता मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला

मेडिकल कॉलेज की शुरुआत से लेकर आधुनिक अस्पतालों तक, स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार से बदल रही जिले की तस्वीर

श्री मनोज कुमार सिंह, सहायक संचालक

किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास का वास्तविक आधार वहां के नागरिकों का बेहतर स्वास्थ्य होता है। स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और समृद्ध भविष्य का निर्माण करते हैं। इसी सोच को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ का मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिख रहा है। कभी बेहतर उपचार और आधुनिक जांच सुविधाओं के लिए बड़े शहरों पर निर्भर रहने वाले इस क्षेत्र में अब मेडिकल कॉलेज, आधुनिक अस्पताल, डायलिसिस केंद्र, सीटी स्कैन, अटल आरोग्य लैब तथा नवीन स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के विशेष प्रयासों और राज्य शासन की प्रतिबद्धता से जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहल हुई हैं।

इन प्रयासों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास केवल जिला मुख्यालय या शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि खड़गवां, जनकपुर, जरौंधा और कोरिया कॉलरी जैसे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संचालित स्वास्थ्य संस्थानों, निर्माणाधीन परियोजनाओं और प्रस्तावित योजनाओं का यह समन्वय आने वाले समय में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की क्षमता रखता है।

मनेन्द्रगढ़ में 50 सीटों वाले मेडिकल कॉलेज का प्रवेश सत्र प्रारंभ होना जिले के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह केवल एक शैक्षणिक संस्थान की शुरुआत नहीं, बल्कि क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के नए अध्याय का आरंभ है। मेडिकल कॉलेज के माध्यम से युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं भविष्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने की संभावनाएं भी विकसित होंगी। चिकित्सा शिक्षा का विस्तार किसी भी क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेडिकल कॉलेज से शैक्षणिक गतिविधियों के साथ स्वास्थ्य संबंधी अनुसंधान, चिकित्सकीय प्रशिक्षण और विशेषज्ञ सेवाओं के विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। मनेन्द्रगढ़ में इसकी शुरुआत से जिले को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

मनेन्द्रगढ़ में 220 बिस्तरीय अस्पताल का अस्थायी संचालन प्रारंभ होना स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय स्तर पर अस्पताल सेवाओं को मजबूत करने तथा अधिक मरीजों को उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने का आधार तैयार हुआ है। अस्पताल सेवाओं की क्षमता में वृद्धि का सीधा लाभ उन परिवारों को मिलेगा, जिन्हें पहले सामान्य से लेकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार के लिए दूसरे शहरों की ओर जाना पड़ता था। इसी प्रकार चिरमिरी में जिला अस्पताल का अस्थायी संचालन प्रारंभ किया गया है, जबकि जिला अस्पताल के नवीन भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। नवीन भवन के पूर्ण होने से चिकित्सा सेवाओं को अधिक व्यवस्थित स्वरूप मिलने की संभावना है। अस्पताल में बेहतर अधोसंरचना विकसित होने से मरीजों को उपचार, जांच एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

चिकित्सकों के लिए आवासीय सुविधाओं का विकास भी प्राथमिकता

किसी भी अस्पताल की सफलता केवल आधुनिक भवन और उपकरणों पर निर्भर नहीं होती, बल्कि वहां कार्यरत चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए चिरमिरी में डॉक्टर कॉलोनी तथा ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है। इन निर्माणाधीन सुविधाओं के पूर्ण होने से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए आवासीय व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ चिकित्सकीय अमले के लिए आवास की उपलब्धता स्वास्थ्य सेवाओं के निरंतर एवं प्रभावी संचालन में सहायक सिद्ध हो सकती है। इस प्रकार स्वास्थ्य अधोसंरचना के साथ मानव संसाधन की आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा जा रहा है।

चिरमिरी जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कक्ष एवं मशीन का संचालन प्रारंभ होना जिले के नागरिकों के लिए बड़ी उपलब्धि है। लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित आधुनिक सीटी स्कैन सुविधा ने स्थानीय स्तर पर उन्नत चिकित्सकीय जांच का नया विकल्प उपलब्ध कराया है। दुर्घटनाओं, सिर की चोट, आंतरिक बीमारियों एवं अन्य जटिल स्वास्थ्य समस्याओं में सीटी स्कैन जांच का विशेष महत्व होता है। पहले ऐसी जांच के लिए मरीजों को बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय के साथ आर्थिक व्यय भी बढ़ता था। स्थानीय स्तर पर यह सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को समय पर जांच कराने में सहायता मिलेगी और चिकित्सकों के लिए उपचार संबंधी निर्णय लेना अधिक सुविधाजनक होगा।

मनेन्द्रगढ़ एवं चिरमिरी में डायलिसिस केंद्रों का संचालन प्रारंभ होना जिले में गंभीर बीमारियों के उपचार संबंधी सुविधाओं के विस्तार का महत्वपूर्ण उदाहरण है। किडनी संबंधी गंभीर समस्याओं से पीड़ित अनेक मरीजों को नियमित अंतराल पर डायलिसिस की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में बार-बार दूरस्थ शहरों की यात्रा मरीजों और उनके परिवारों के लिए शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक चुनौती बन जाती है। दोनों स्थानों पर डायलिसिस सुविधाओं की उपलब्धता से मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। इससे यात्रा संबंधी कठिनाइयों में कमी आने के साथ उपचार की निरंतरता बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी। यह पहल जरूरतमंद मरीजों के जीवन को अधिक सहज बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास है।

अटल आरोग्य लैब से जांच सुविधाओं को नई मजबूती

आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में बीमारी की समय पर पहचान और सटीक जांच अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़ एवं चिरमिरी में अटल आरोग्य लैब का संचालन प्रारंभ किया गया है। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य जांच सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ रही है। इसके साथ ही मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी में ब्लड कलेक्शन की व्यवस्था भी जांच सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। जांच सुविधाओं का विस्तार होने से मरीजों को आवश्यक परीक्षण कराने में सुविधा मिलेगी और चिकित्सकों को समय पर उपचार प्रारंभ करने में सहायता होगी। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए नजदीक जांच सुविधाएं उपलब्ध होना बड़ी राहत का माध्यम बन सकता है।

जनकपुर का 100 बिस्तरीय अस्पताल: वनांचल में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत आधार

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का बड़ा हिस्सा ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में स्थित है। ऐसे क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी दिशा में जनकपुर स्थित 100 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन प्रारंभ होना भरतपुर विकासखंड के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस स्वास्थ्य संस्थान से जनकपुर एवं आसपास के दूरस्थ गांवों में रहने वाले नागरिकों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने का आधार मजबूत हुआ है। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और जरूरतमंद मरीजों के लिए नजदीकी अस्पताल सेवाओं की उपलब्धता स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

खड़गवां, जरौंधा और कोरिया कॉलरी में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

जिले में ग्रामीण स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। खड़गवां में स्वास्थ्य भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। वहीं कोरिया कॉलरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का अस्थायी संचालन तथा खड़गवां विकासखंड के जरौंधा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत ग्रामीण नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल है। ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थान सामान्य बीमारियों के उपचार, प्राथमिक चिकित्सकीय परामर्श, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन संस्थानों के माध्यम से नागरिकों को अपने निवास क्षेत्र के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

फिजियोथेरेपी सेवाओं के विस्तार से पुनर्वास उपचार को मिलेगा बढ़ावा

स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य केवल बीमारियों का उपचार करना नहीं, बल्कि मरीजों को स्वस्थ एवं सामान्य जीवन की ओर वापस लाने में सहायता करना भी है।

जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार के साथ-साथ आम नागरिकों को स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिलाने के लिए सशक्त एमसीबी सेवा संकल्प अभियान 2026 भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत चिरमिरी के मंगल भवन, पोड़ी में आयोजित दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप में कुल 4,573 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के प्रथम दिन 2,608 तथा दूसरे दिन 1,965 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। प्रथम दिवस 556 लोगों की रक्त जांच, 1,676 हितग्राहियों को निःशुल्क दवा वितरण तथा 140 नए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने जैसी गतिविधियां स्वास्थ्य सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने के प्रयासों का उदाहरण हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श, रोगों की स्क्रीनिंग, निःशुल्क जांच एवं दवा वितरण जैसी सुविधाओं के माध्यम से जरूरतमंद नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस प्रकार स्वास्थ्य शिविर जनभागीदारी और जनसेवा के प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

ह्लस्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से सामाजिक और आर्थिक विकास को भी मिलेगी गतिह्न

स्वास्थ्य अधोसंरचना में निवेश का प्रभाव केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका संबंध समाज के समग्र विकास से भी होता है। जब नागरिकों को अपने क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होती हैं, तब उपचार के लिए लंबी यात्राओं, अतिरिक्त खर्च और समय की हानि जैसी समस्याओं में कमी आती है। मेडिकल कॉलेज की शुरुआत से चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर विकसित होंगे। आधुनिक अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के विस्तार से स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता बढ़ेगी। डायलिसिस, सीटी स्कैन और प्रयोगशाला सुविधाओं से मरीजों को स्थानीय स्तर पर जांच एवं उपचार में सहायता मिलेगी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के विकास से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से विकसित हो रहा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं वाला एमसीबी

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से जिले में चिकित्सा शिक्षा, अस्पताल अधोसंरचना, आधुनिक उपकरणों, जांच सुविधाओं और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के विकास को नई दिशा मिली है। जिला प्रशासन द्वारा भी इन योजनाओं एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

पहली बार ग्राम चांगेर में पहुंची विकास की रोशनी

धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के कई दूरदराज और नक्सल-प्रभावित गांवों में दशकों के अंधेरे के बाद पहली बार बिजली पहुंचाई गई है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोण्डागांव जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित अति दुर्गम ग्राम चांगेर में आजादी लगभग 8 दशकों में पहली बार बिजली पहुंची है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से कराए गए विद्युतीकरण कार्य के फलस्वरूप गांव के सभी 23 घर अब रोशनी से जगमगा उठे हैं।

अंधेरे से उजाले तक का सफरनामा

प्रशासनिक और भौगोलिक कारणों से जिन क्षेत्रों में आठ दशकों तक बिजली नहीं पहुँच पाई थी, वहाँ सरकारी प्रयासों और विभिन्न ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं के जरिए रोशनी पहुँची है। ग्राम चांगेर के ग्रामीण वर्षों से बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित थे। शाम ढलते ही गांव में अंधेरा छा जाता था। बच्चों को पढ़ाई के लिए लालटेन का सहारा लेना पड़ता था, वहीं रात के समय आवागमन में भी ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बिजली के अभाव में दैनिक जीवन के अनेक कार्य प्रभावित होते थे। ऐसे में गांव में विद्युतीकरण होना ग्रामीणों के लिए लंबे इंतजार के बाद पूरी हुई एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

ग्राम चांगेर के सभी 23 घरों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए

ग्राम चांगेर तक विकास की रोशनी पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से 25.21 लाख रुपये की लागत से विद्युतीकरण कार्य कराया गया। इसके तहत गांव के सभी 23 घरों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल से ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा मिलने के साथ ही उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई संभावनाएं भी बनी हैं। लंबे समय से अंधेरे में जीवन गुजार रहे कई गाँवों और मजरों में पहली बार बिजली के बल्ब और स्म्व की रोशनी पहुँची है। बिजली आने से ग्रामीणों और बच्चों को अंधेरे से राहत मिली है तथा रात के समय कामकाज और पढ़ाई में आसानी हुई है।

आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

ग्राम चांगेर में बिजली पहुंचने से बच्चों को अब शाम के समय बेहतर रोशनी में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, ग्रामीणों को घरेलू कार्यों में सुविधा और रात के समय आवागमन में सहूलियत मिलेगी। बिजली की उपलब्धता से शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। यह सुविधा ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सुरक्षित जीवन और बेहतर भविष्य की दिशा में एक नई शुरुआत

ग्राम चांगेर में पहली बार बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों के लिए यह केवल बिजली कनेक्शन मिलने की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्षों से प्रतीक्षित सुविधा, सुरक्षित जीवन और बेहतर भविष्य की दिशा में एक नई शुरुआत है।

विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा दूरस्थ चांगेर

माओवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा की स्थिति में सुधार के साथ विकास कार्यों को गति मिल रही है। जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ एवं दुर्गम गांवों तक सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम चांगेर में विद्युतीकरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो अंतिम छोर पर बसे परिवारों तक विकास का लाभ पहुंचाने और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संकल्प को दर्शाती है।

भारत की आजादी के 78 वर्षों बाद कोण्डागांव जिले के पूर्व में नक्सल-प्रभावित ग्राम चांगेर में दशकों के अंधेरे के बाद पहली बार बिजली पहुंचाई गई है। ग्रामीण झूम उठे और उनके चेहरों खुशी की लहर दिख रही है। सरकार ने सुदूर ग्रामीणों तक विकास कार्य पहुंचाने का काम किया है। मोदी सरकार का संकल्प स्पष्ट है कि विकास की रोशनी देश के अंतिम छोर तक पहुँचे, और कोई भी गांव अंधेरे में न रहे, उनकी इसी संकल्प को छत्तीसगढ़ की श्री विष्णु देव की सरकार साकार कर रही है।

राशिफल

वृष राशि : वृष राशि वालों आज आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है।

मिथुन राशि : मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा महसूस होगा।

कर्क राशि : कर्क राशि वालों आज अकारण शुरू हुई बाधाएं, माता की कृपा से पूरी तरह समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

सिंह राशि : सिंह राशि वालों आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। काम के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक रहेंगे। आपके मन में बहुत दिनों से कारोबार को लेकर कोई योजना चल रही है।

कन्या राशि : कन्या राशि वालों आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए।

तुला राशि : तुला राशि वालों आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि : वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन ठीक रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ बिजनेस मीटिंग में शामिल होंगे। आज अपने बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनु राशि : धनु राशि वालों आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोगों का भरोसा आप पर बना रहेगा। महिलाएं घर के काम से जल्द ही राहत पा लेंगी।

मकर राशि : मकर राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे। शिक्षकों की मदद से विद्यार्थियों का कोई प्रोजेक्ट पूरा होगा।

कुंभ राशि : कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट कचहरी के मामले थोड़े रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक हो जाएगा।

मीन राशि : मीन राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर लें। छात्र आज अपने करियर को लेकर कोई योजना बनाएंगे, बच्चों को सही गाइडेंस की जरूरत है। दांपत्य जीवन में खुशहाली होगी। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

संक्षिप्त समाचार

प्रधानमंत्री आवास योजना से जया बाई के पक्के घर का सपना हुआ साकार

जांजगीर-चांपा। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है।

इसी कड़ी में जनपद पंचायत अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कटघरी निवासी जया बाई का पक्के घर का सपना साकार हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित पक्का मकान जया बाई के परिवार के लिए सुरक्षित आश्रय बना है। पक्का घर होने से परिवार को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से सुरक्षा मिल रही है और रहन-सहन पहले से अधिक सुविधाजनक हुआ है। अपने घर का सपना पूरा होने से परिवार को सुरक्षित वातावरण मिला है, जो बेहतर जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराना है। योजना से मिलने वाला यह लाभ परिवार के वर्तमान को बेहतर बनाने के साथ ही सुरक्षित भविष्य की उम्मीद भी मजबूत करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया है।

मिनीमाता महतारी जतन योजना से प्रिया कश्यप को मिली 20 हजार की सहायता

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रमिक परिवारों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। श्रम विभाग की मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी प्रिया कश्यप को 20 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता राशि प्राप्त हुई है।

प्रसव के बाद मां और नवजात शिशु की देखभाल के साथ पौष्टिक आहार, दवाइयों और अन्य जरूरी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देना होता है। इस दौरान परिवार की जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। योजना के तहत मिली राशि से प्रिया कश्यप को प्रसव के बाद की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिली, जिससे वह अपने स्वास्थ्य और बच्चे की देखभाल पर ध्यान दे सकीं। योजना के माध्यम से मिलने वाली सहायता महिलाओं को मातृत्व के इस महत्वपूर्ण समय में आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया है।

30 से अधिक युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने हेतु लगा मतदाता पंजीयन शिविर

नई दृष्टिबिंदु / महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा एवं रामचंडी महाविद्यालय सरायपाली बगईजोर में मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य 17 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करना था। जिले में अब विशेष अभियान के तहत 17 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष तथा छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने की कार्रवाई गति पकड़ने लगी है। महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान के साथ बीएलओ द्वारा विशेष शिविर का आयोजन कर ऐसे पात्र मतदाताओं को फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। आज दिनांक तक जिले में 8 लाख 476 मतदाता है, जबकि अभियान के तहत अभी तक 1321 नए और छूटे हुए मतदाता जोड़े गए हैं।

बलौदा में डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक महासमुंद एवं महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अनिता पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए फॉर्म-6 तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए फॉर्म-8 की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 60 से अधिक छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया तथा उन्हें मतदाता पंजीयन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। शिविर की संयोजक श्रीमती कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक जितेन्द्र कुमार पटेल, डॉ गजानंद नायक, रमेश कुमार पटेल, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबरगिया सहित महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी तरह रामचंडी महाविद्यालय सरायपाली बगईजोर में मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन के भोई के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी भरत प्रधान के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए फॉर्म-6 तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए फॉर्म-8 की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 30 से अधिक छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया तथा उन्हें मतदाता पंजीयन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा विशेष शिविर एवं पंजीयन के माध्यम से फॉर्म-6 में नाम जोड़े जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर, 21, 22, 28 एवं 29 अक्टूबर को विशेष शिविर सभी मतदान केन्द्रों में लगाए जाएंगे। यहां पात्र नागरिक अपने नाम जुड़वा सकते हैं।

संवेदना की कमी से मुड़ने लगीं उंगलियां, समय पर उपचार और पुनर्वास से लौटी आत्मनिर्भरता

नई दृष्टिबिंदु / महासमुंद

महासमुंद। कभी दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने वाले ऑटो चालक की अपनी जिंदगी ही मुश्किलों के मोड़ पर आकर ठहर गई थी। शरीर पर हल्के रंग के दाग और संवेदना में कमी को नजरअंदाज करना बागबाहरा निवासी जो पेशे से ऑटो चालक है, उनके लिए मुश्किलों का कारण बन गया। धीरे-धीरे बीमारी का असर बढ़ा और हाथों की उंगलियों में विकृति आने लगी। खाना खाने, कपड़े पहनने और रोजमर्रा के काम करने में परेशानी होने लगी। आज उपचार और पुनर्वास की मदद से वे फिर से मोटरसाइकिल चलाने में सक्षम हैं। उल्लेखनीय है कि महासमुंद जिले में अब तक 578 कुष्ठ रोगियों की पहचान की गई है, जिनका उपचार जारी है।

उन्हें शुरुआत में पता नहीं था कि शरीर पर दिखाई देने वाले दाग कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते हैं। समय पर उपचार नहीं मिलने से उनकी स्थिति बिगड़ती गई और आजीविका चलाना भी चुनौती बन गया। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से उपचार शुरू होने पर उन्हें निर्धारित बहु औषधि उपचार का पूरा कोर्स कराया गया। इसके साथ जिला चिकित्सालय में रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की गई। नियमित चिकित्सकीय देखरेख और फॉलोअप से उनकी कार्यक्षमता में सुधार आया। आज वे फिर से स्वयं मोटरसाइकिल चलाने में सक्षम हैं। दैनिक जीवन के कामों में आत्मनिर्भरता की ओर उनकी वापसी उनके लिए नई उम्मीद और आत्मविश्वास का आधार बनी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. सिंह कुशवाहा ने बताया कि शरीर पर हल्के रंग के दाग के साथ संवेदना में कमी, हाथ-पैरों में सुन्नपन या मांसपेशियों में कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए। समय पर उपचार से विकलांगता और स्थायी विकृति के जोखिम को कम किया जा सकता है। कुष्ठ रोग का उपचार एमडीटी से संभव है तथा आवश्यकता पड़ने पर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी और पुनर्वास से कार्यक्षमता में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग छूने, साथ बैठने, बातचीत करने या सामान्य सामाजिक मेलजोल से नहीं फैलता। इसलिए रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें सम्मान, सहयोग और समान अवसर प्रदान करने चाहिए।

मारवाड़ी युवा मंच द्वारा अग्रसेन जयंती रैली का स्वागत

जांजगीर-चाम्पा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती का पर्व नैला जांजगीर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसके अंतर्गत अग्रसेन जयंती की सुबह अग्रसेन महाराज का आरती का आयोजन किया गया। शासकीय अस्पताल जाकर मरीजो को फल का वितरण किया गया इसी के साथ-साथ अग्रसेन जयंती में निकलने वाली शोभायात्रा का स्वागत स्वागत द्वार बनाकर किया गया। मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जॉन 4 अमर सुल्तानिया की उपस्थिति प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रीना केडिया के निर्देशन पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला-जांजगीर द्वारा अग्रसेन जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में श्रीराम मंदिर नैला से कचहरी चौक जांजगीर तक निकलने वाली शोभायात्रा का वीआईपी सिटी के बगल में स्थित श्याम टाइल्स दुकान के सामने भव्य स्वागत द्वार का निर्माण किया गया था। इसी के साथ-साथ शोभा यात्रा में उपस्थित अग्रजनों का तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित कर फूलों की वर्षा करते हुए जूस वितरण का कार्यक्रम किया गया। उक्त स्वागत द्वार के अंतर्गत छोटे-छोटे बच्चों द्वारा जीवंत झांकी की प्रस्तुति की गई जिसके अंतर्गत छोटे-छोटे बच्चे भगवान विष्णु मां लक्ष्मी अग्रसेन जी महाराज एवं माँ माधवी का रूप धारण किए हुए थे।

जिला न्यायालय में विशेष लोक अदालत की समीक्षा बैठक संपन्न

नई दृष्टिबिंदु / चांपा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के मार्गदर्शन में आगामी 21 नवंबर को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला न्यायालय जांजगीर के सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट) की धारा 138 के अंतर्गत चेक बाउंस के लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती अंजू कंवर एवं नॉवेल पन्ना सहित जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी और अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण मिश्रा ने कहा कि धारा 138 एन.आई. एक्ट के अंतर्गत लंबित चेक बाउंस मामलों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसके माध्यम से पक्षकार आपसी सहमति और समझौते के आधार पर अपने मामलों का निपटारा कर सकते हैं। इससे न्यायालयीन प्रक्रिया में लगने वाले समय और धन की बचत होगी तथा पक्षकारों को शीघ्र राहत मिल सकेगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने उपस्थित अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अपने पक्षकारों को विशेष लोक अदालत के माध्यम से विवादों का समाधान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के सक्रिय सहयोग से अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जा सकता है।

बैठक के दौरान आगामी विशेष लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गई। लंबित मामलों में नोटिस तामील की स्थिति तथा पोर्टल के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों को चिह्नित करने की रूपरेखा पर चर्चा की गई, ताकि संबंधित पक्षकारों को समय पर सूचना देकर समझौते की प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके।

कलेक्टर जयश्री जैन ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं

नई दृष्टिबिंदु / सक्ती

सक्ती। जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती जयश्री जैन द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनदर्शन में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का पूरी गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री वासु जैन, अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर श्री के.एस. पैंकरा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में आज तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम किरारी निवासी श्री जगतराम सिदार ने जाति प्रमाण पत्र जारी कराने के सम्बन्ध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम डोगरीडीह निवासी श्री पीताम्बर यादव ने आर्थिक सहायता के सम्बन्ध में, तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम भेड़िकोना निवासी संध्या सिदार ने रोजगार प्राप्त करने के सम्बन्ध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम सलिया भाठा निवासी श्री ईश्वर प्रसाद पटेल ने आरबीसी 6 4 के तहत् नाले में डूबने से हुई मृत्यु आर्थिक सहायता के सम्बन्ध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया। उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

सेमरिया में अभिभावक-शिक्षक बैठक पीटीएम का आयोजन

नई दृष्टिबिंदु / चांपा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया विकासखंड बम्हनीडीह में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उपस्थिति, व्यवहार और सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना था। बैठक का शुभारंभ दोपहर 1.30 बजे हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया।विद्यालय के प्रधान पाठक ने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ बच्चों के हालिया परीक्षा परिणामों की समीक्षा की और उनकी ताकतों तथा सुधार वाले क्षेत्रों की ओर ध्यान आकर्षित किया।साथ ही छात्रों की नियमित उपस्थिति और कक्षा में अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय में अपनाई जा रही नई शिक्षण तकनीकों और डिजिटल गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। अभिभावकों ने भी अपने विचार और सुझाव खुलकर साझा किए, जिन्हें विद्यालय प्रशासन ने सहर्ष स्वीकार किया। बैठक के अंत में शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद से बच्चों के शिक्षण स्तर में निश्चित रूप से सुधार आएगा।अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

नई दृष्टिबिंदु / सक्ती

कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न विभाग अंतर्गत लंबित समय सीमा के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सभी विकासखंड में आयोजित किए गए सेवा सेतु शिविर में आमजन से प्राप्त विभिन्न आवेदन अंतर्गत लंबित आवेदनों का तेजी से और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में गंभीरता के साथ कार्य करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर सभी आवश्यक विभागीय कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे कार्यों को बेहतर ढंग से किया जा सके। जिससे कार्यों के अच्छे प्रोग्रेस व रिजल्ट मिल सके।

बैठक में कलेक्टर ने पारस पोर्टल पर विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की निगरानी पारस पोर्टल के माध्यम से की जाती है। इसलिए सभी विभाग अपनी योजनाओं एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति को पोर्टल पर समय-सीमा में अनिवार्य रूप से अपडेट करें। उन्होंने अधिकारियों को पोर्टल पर दर्ज जानकारी की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन 1076 के तहत प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की विभागवार जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष सर्वे कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जियो-रेफरेंसिंग सर्वेयर फील्ड में जाकर सर्वे का कार्य कर रहे हैं। संबंधित अधिकारी शेष किसानों के साथ समन्वय स्थापित करे, ताकि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य निर्बाध रूप से पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि सर्वे का कार्य सही तरीके से और समय पर पूरा होने से किसानों को भविष्य में शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी इन कार्यो को पूरी गंभीरता से करे। ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना का जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराने, आवेदन एवं आवश्यक प्रक्रिया में आमजन को सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए है।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओ और कार्यो का विभागीय स्तर पर भी नियमित रूप से समीक्षा करते हुए आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी, विद्यालयों के प्राचार्य व अन्य संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को मिलकर जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए योजना के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए जिले में जल जीवन मिशन का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ई-ऑफिस अंतर्गत विभागीय कार्यों का संचालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत एचपीवी वैक्सिनेशन, निक्षय पोषण योजना, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सेवा सेतु एप के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर द्वारा लोक सेवा गारंटी, लंबित पेंशन प्रकरणों, आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना शहरी सहित अन्य विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने तहसीलवार विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये गए।

तीसरी बार दूल्हा बनने जा रहे हैं आमिर खान! 5 जुलाई को गौरी स्प्रैट संग कर सकते हैं शादी

बॉलीवुड के 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' आमिर खान एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ तीसरी शादी करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों 5 जुलाई को विवाह बंधन में बंध सकते हैं। आमिर के करीबी सूत्रों के अनुसार, यह शादी बेहद सादगीपूर्ण तरीके से की जाएगी। दोनों परिवार के सदस्यों और कुछ करीबी दोस्तों की मौजूदगी में घर पर ही रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि शादी के बाद फिल्म इंडस्ट्री के लिए किसी भव्य रिसेप्शन का आयोजन नहीं किया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रिश्ते को सार्वजनिक करने के बाद से गौरी स्प्रैट कई मौकों पर आमिर खान के साथ नजर आ चुकी हैं। गौरी एक सात वर्षीय बेटे की मां हैं। बताया जाता है कि आमिर और गौरी लगभग 25 वर्षों से एक-दूसरे को जानते हैं और लंबे समय तक दोस्त रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को नया नाम देने का फैसला किया।

गौरतलब है कि मार्च 2025 में अपने 60वें जन्मदिन के अवसर पर आमिर खान ने मीडिया के सामने गौरी स्प्रैट को अपनी पार्टनर के रूप में परिचित कराया था। इस दौरान उन्होंने बताया था कि दोनों करीब 25 साल से दोस्त हैं, लेकिन कुछ समय पहले ही उनके बीच प्रेम संबंध की शुरुआत हुई। अगर आमिर और गौरी शादी करते हैं, तो यह अभिनेता की तीसरी शादी होगी। आमिर की पहली शादी रीना दत्ता से हुई थी, जिनसे उनके दो बच्चे जुनैद खान और ईरा खान हैं। वर्ष 2002 में दोनों का तलाक हो गया था। इसके बाद आमिर ने वर्ष 2005 में किरण राव से दूसरी शादी की। इस विवाह से उनका एक बेटा आजाद राव खान है। आमिर और किरण ने वर्ष 2021 में अलग होने का फैसला किया था। हालांकि, आमिर और गौरी की शादी को लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है।

डार्क किरदार पर बोलीं ईशा सिंह

कैमरे के पीछे ऑन और ऑफ होना आना चाहिए

टेलीविजन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री ईशा सिंह आगामी फिल्म 'ऑब्सेस' की रिलीज को लेकर तैयार हैं। डार्क और सस्पेंस से भरपूर ट्रेलर रिलीज किया जा चुका है। साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में डार्क किरदार को लेकर अभिनेत्री का कहना है कि एक एक्टर को पता होना चाहिए कि कब किरदार में रहना है और कब उससे बाहर निकलना है। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया, 'एक एक्टर के तौर पर आपको यह अच्छी तरह पता होना चाहिए कि कैमरे के सामने कब किरदार में आना है (ऑन होना) और शॉट खत्म होने पर कब उससे बाहर निकलना है (ऑफ होना)। हां, यह सच है कि कुछ किरदार निभाते समय आप बहुत गहराई में चले जाते हैं लेकिन किस्मत से हमारी फिल्म के सेट का माहौल बहुत ही सकारात्मक और मददगार था। आसपास के लोग लगातार मेरा ख्याल रख रहे थे, जिसकी वजह से यह किरदार मुझ पर भावनात्मक रूप से भारी नहीं पड़ा।'

आज के समय में बढ़ते टॉक्सिक अटैचमेंट और जुनूनी व्यवहार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि सोशल मीडिया आने से पहले भी समाज में इस तरह के जुनूनी लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा, 'फर्क बस इतना है कि अब सब कुछ बहुत जल्दी दिखाई देने लगता है क्योंकि हर किसी के पास फोन है और जानकारी तुरंत फैल जाती है। सोशल मीडिया के पॉजिटिव और नेगेटिव, दोनों पहलू हैं। 'ऑब्सेस' के बारे में मुझे जो बात सबसे ज्यादा पसंद आई, वह यह है कि इसकी कहानी में कई भावनात्मक परतें हैं। जब दर्शक यह फिल्म देखेंगे, तो वे समझ जाएंगे कि इन विषयों को कितनी गहराई से दिखाया गया है।'

अपनी बात को रखते हुए अभिनेत्री ने फिल्म के निर्देशक पीटर की बात को याद करते हुए कहा, 'पीटर सर ने एक बार कहा था, हर इंसान के अंदर एक फरिश्ता और एक शैतान, दोनों होते हैं। इनमें से कौन सा पहलू कितना बाहर आता है, यह पूरी तरह से उस इंसान पर निर्भर करता है।' अभिनेत्री ने किरदार के भावनात्मक बोझ से पूरी तरह मुक्त होने को जरूरी बताते हुए बताया कि काम के दौरान आप मानसिक रूप से उसी दुनिया में रहते हैं। कुछ दिन बहुत भारी होते हैं, तो कुछ अच्छे, लेकिन काम खत्म होते ही उस काल्पनिक दुनिया से बाहर निकलना एक कलाकार के मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

टाइगर श्रॉफ और विद्युत जामवाल साथ करेंगे फिल्म, मिलेगा एक्शन का डबल डोज

'बागी' फ्रैंचाइज की फिल्मों के जरिए टाइगर श्रॉफ ने दर्शकों के बीच अपने लिए एक खास जगह बनाई है। वहीं 'कमांडो' फेम एक्टर विद्युत जामवाल भी अपने जबरदस्त एक्शन के लिए फिल्मों में जाने जाते हैं। अब यह दोनों ही एक साथ फैंस को बड़े पर्दे पर नजर आ सकते हैं। जानिए, यह दोनों किस फिल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रहे हैं।

टाइगर श्रॉफ और विद्युत जामवाल ने एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ शेयर की। इस पोस्ट में एआई इमेज से पोस्टर बनाया गया था, जिसमें दोनों एक्टर्स नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा, 'दो लीजेंड, एक एपिक शोडाउन'। साथ ही टाइगर श्रॉफ वर्सेस विद्युत भी लिखा है। पोस्टर में दोनों एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं। इस प्रोजेक्ट या फिल्म को टी-सीरीज पेश करेगा, इस बात का जिक्र भी पोस्टर पर किया गया है। इससे ज्यादा कोई जानकारी पोस्टर पर साझा नहीं की गई। फिल्म के नाम का भी जिक्र नहीं है।

टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर दिखे थे टाइगर श्रॉफ और विद्युत

दोनों एक्टर्स के पोस्टर शेयर करने के बाद फैंस के बीच हलचल बढ़ गई। बता दें कि टाइगर श्रॉफ और विद्युत जामवाल को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर भी देखा गया था। ऐसा लगता है कि दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा करने के लिए दोनों वहां पहुंचे थे।

टाइगर और विद्युत अपने करियर फ्रंट पर और क्या रहे हैं? टाइगर श्रॉफ के करियर फ्रंट की बात करें तो पिछले साल वह फिल्म 'बागी 4' में दिखाई दिए थे। इस फिल्म को दर्शकों से अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। वहीं विद्युत एक हॉलीवुड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' में जल्द ही नजर आएंगे, इसमें भी वह जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे।

क्रिस्टन स्टीवर्ट के साथ बियारित्ज फिल्म फेस्टिवल की जूरी में शामिल होंगे ईशान खट्टर

अभिनेता ईशान खट्टर हॉलीवुड अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट और अन्य कई जाने-माने नामों के साथ बियारित्ज फिल्म फेस्टिवल के चौथे एडिशन में जूरी पैनल में शामिल होंगे। यह घोषणा खुद फिल्म फेस्टिवल की ओर से की गई है। ईशान के साथ-साथ फ्रांसीसी निर्देशक, स्क्रिप्ट राइटर और एडिटर नाथन एम्ब्रोसियोनी, फ्रांसीसी अभिनेत्री सूजी बेम्बा, कनाडाई अभिनेत्री व्हिटनी पीक और अन्य लोग भी शामिल होंगे।

पहली फिल्म से ही हुई ईशान के इंटरनेशनल करियर की शुरुआत

ईशान खट्टर के इंटरनेशनल करियर की शुरुआत उनकी पहली फिल्म 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' से ही हो गई थी। इसे 2018 में ईरानी फिल्म निर्माता माजिद मजीदी ने निर्देशित किया था। इसके बाद उन्होंने 2021 में लियोनार्डो डि कैप्रियो और जेनिफर लॉरेंस स्टारर फिल्म 'डोंट लुक अप' में एक कैमियो भूमिका निभाई। 2020 में उन्होंने मीरा नायर की ब्रिटिश सीरीज 'ए सूटेबल बॉय' में तब्बू के साथ मुख्य भूमिका निभाई। उनकी 2025 में आई फिल्म 'होमबाउंड' को ऑस्कर के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया था और इसे शॉर्टलिस्ट भी किया गया था।

इस फिल्म में नजर आएंगे ईशान खट्टर

वर्कफ्रंट की बात करें तो ईशान खट्टर आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'होमबाउंड' में नजर आए थे। दो दोस्तों की कहानी और जातिवाद जैसे गंभीर मुद्दे पर बात करती इस फिल्म को ऑस्कर के लिए भी भारत की ओर से भेजा गया था। फिल्म को कान समेत कई फिल्म फेस्टिवल में भी काफी सराहा गया। नीरज घेवान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ईशान के साथ विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। वहीं उनकी आगामी फिल्मों में पलाश वासवानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'जुगाडू' शामिल है। इसके अलावा पिछले साल आया उनके शो 'द रॉयल्स' के भी दूसरे सीजन की तैयारी चल रही है।

सबसे अहम सीख फिल्म 'वीर-जारा' में काम करते हुए मिली

वेब सीरीज 'चिरैया' को लेकर चर्चा में आईं दिव्या दत्ता ने कहा- क्टरों के परिवार से होने के बावजूद हमेशा से पिक्चर साफ थी कि मुझे ऐक्टिंग इंडस्ट्री का रास्ता चुनना है। उन्होंने कहा- सबसे अहम सीख फिल्म वीर-जारा में शाहरुख खान के साथ काम करते हुए मिली।

कई कलाकार अपने किरदारों से पहचाने जाते हैं लेकिन दिव्या दत्ता उन चेहरों में से हैं, जो हर किरदार में खुद को थोड़ा-थोड़ा छोड़ती चली जाती हैं। लुधियाना की सादगी से लेकर सिनेमा की गहराइयों तक उनका सफर किसी शोर का नहीं बल्कि एक शांत भरोसे का रहा है, दिल की सुनने का भरोसा। उनके लिए अभिनय सिर्फ संवाद नहीं, खामोशियों को महसूस करने की कला है। फैसले हों या किरदार, वे आज भी उसी रास्ते पर चलती हैं, जहां दिमाग से पहले दिल जवाब देता है और शायद यही उन्हें अलग बनाता है। लखनऊ में शूट हुई वेब सीरीज 'चिरैया' के लिए शहर आई दिव्या दत्ता से खास बातचीत।

दिल से बड़ा मेरा कोई साथी नहीं

लुधियाना में पली-बढ़ी दिव्या दत्ता कहती हैं कि मैंने अपने घर से बहुत कुछ सीखा है लेकिन कई बातें वक्त के साथ समझ में आती हैं। फिल्मों और शोज को चुनते समय मैं सिर्फ दिल की सुनती हूं। मुझे लगता है कि जो काम मैं दिल से करूंगी, वही मुझे आगे बढ़ने का मौका देगा। मेरे फैसले पहले भी दिल से होते थे और आज भी वही तरीका है क्योंकि दिल से बड़ा कोई साथी नहीं होता है। यही वजह है कि डॉक्टरों के परिवार से होने के बावजूद हमेशा से पिक्चर साफ थी कि मुझे ऐक्टिंग इंडस्ट्री का रास्ता चुनना है। मैं खुद को खुशकिस्मत भी मानती हूं कि मां ने मुझे अपनी पसंद चुनने की पूरी आजादी दी थी।

माहौल इंसानी और सम्मानजनक हो

मैंने कई अनुभवी कलाकारों के साथ काम करते हुए बहुत कुछ सीखा है। हालांकि, मुझे सबसे अहम सीख फिल्म वीर-जारा में शाहरुख खान के साथ काम करते हुए मिली। उस वक्त मुझे कैमरा एंगल्स का ज्यादा आइडिया नहीं था। उन्होंने खुद मुझे सही जगह पर खड़े होने में मदद की। वह इतने बड़े सुपरस्टार हैं, उन्हें क्या जरूरत थी मेरे लिए आगे आने की पर वो आए। उन्होंने यह भी कहा था कि मैं हर जगह मौजूद नहीं रहूंगा तो तुम्हें चीजें अपने हिसाब से बेहतर करनी होंगी। मुझे यह बात हमेशा याद रही। आज अगर मैं सीनियर हो गई हूं तो कोशिश करती हूं कि नए लोगों की जितनी मदद कर सकूं, करूं। सबसे जरूरी बात यही है कि सेट पर लोग एक-दूसरे के साथ कंफर्टेबल महसूस करें। काम तभी अच्छे से होता है, जब माहौल इंसानी और सम्मानजनक हो।

भीतर का शांत जागरण है

चिरैया किसी लाउड विद्रोह की कहानी नहीं है बल्कि भीतर होने वाले एक शांत जागरण की बात करती है। हर दृश्य का अपना स्वभाव होता है। कभी कुछ कहना जरूरी होता है और कभी बिल्कुल शांत रहना। सब कुछ सीन के पूरे ढांचे पर निर्भर करता है। जैसे सीन की मांग होती है, वैसा ही भाव अपनाया जाता है। कहीं शब्द जरूरी होते हैं, कहीं खामोशी ही सबसे बड़ा संवाद बन जाती है। मुझे लगता है कि सवाल से ज्यादा जरूरी है उसे कहने का तरीका।बात किस शांति से, किस प्यार से और किस सम्मान के साथ कही जाती है, यही फर्क पैदा करता है। 'शादी कोई लाइसेंस नहीं है' जैसे संवाद सवाल जरूर उठाते हैं, लेकिन किसी को नीचा दिखाने के लिए नहीं बल्कि सोचने के लिए मजबूर करने के इरादे से।



'ब्राउन' को लेकर करिश्मा कपूर का खुलासा, ठुकराया था रीटा ब्राउन का रोल

करिश्मा कपूर वेब सीरीज 'ब्राउन' में रीटा ब्राउन के किरदार में नजर आने वाली हैं। 5 जून को ओटीटी पर रिलीज होने वाली इस सीरीज को लेकर करिश्मा ने हाल ही में कई खुलासे किए हैं। पहले करिश्मा ने इस रोल के लिए मना कर दिया था, लेकिन अब वह रीटा ब्राउन बनकर ओटीटी पर तलहका मचाने के लिए तैयार हैं।

क्यों किया था सीरीज के लिए मना?

बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर जल्द ही एक नई सस्पेंस थ्रिलर सीरीज 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। यह सीरीज 5 जून को रिलीज होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर सामने आया था। एएनआई से बातचीत के दौरान करिश्मा ने बताया कि जब शुरुआत में उन्हें यह रोल मिला, तो उन्होंने मना कर दिया था। दरअसल, करिश्मा ने सोचा था कि वह इतने दिनों के लिए कोलकाता जाकर 'ब्राउन' की शूटिंग कैसे करेंगी। लेकिन जब वह डायरेक्टर अभिनय देव से मिलीं और अपने किरदार को गहराई से समझा, तो उन्होंने तुरंत हां कह दिया।

रीटा ब्राउन के रोल में नजर आएंगी करिश्मा

करिश्मा कपूर अपनी नई वेब सीरीज 'ब्राउन' में रीटा ब्राउन के किरदार में नजर आएंगी। करिश्मा इस शो में एक पुलिस अफसर का रोल कर रही हैं, जो शराब की आदी है और अपने पुराने दुखों से जूझ रही है। करिश्मा के मुताबिक, उनका किरदार अंदर से टूटा हुआ है, लेकिन बाहर से बेहद मजबूत है। करिश्मा ने कहा, 'दर्शकों को इसमें कुछ नया देखने को मिलेगा।' अपने करियर पर बात करते हुए करिश्मा कपूर ने कहा कि उन्होंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। अब वह बहुत ज्यादा काम नहीं करना चाहतीं। वह सिर्फ वही प्रोजेक्ट्स चुनती हैं, जो सीधे उनके दिल को छूते हैं।

डायरेक्टर अभिनय देव ने बताया कि 'ब्राउन' एक साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर है। इसकी कहानी कोलकाता शहर पर आधारित है। यह इंसानी भावनाओं, उनके डर, संघर्ष और कमियों को दिखाती है, जिससे आम लोग खुद को जोड़ पाएंगे। इस सीरीज को जी स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है।

ओपन रिलेशनशिप में हैं शहाना गोस्वामी

बोलीं- मेरी जिंदगी में कई पार्टनर हैं, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं

एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने इंटरव्यू में शहाना ने कहा, 'फिलहाल मेरी जिंदगी में ऐसा कोई एक खास पार्टनर नहीं है। मेरी जिंदगी में कई लोग हैं, जिनसे मेरा लंबे समय से जुड़ाव है, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं। मेरे लिए कोई भी रिश्ता हल्का या टाइमपास नहीं होता।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरे लिए ओपननेस का मतलब यह है कि किसी एक इंसान के साथ तय रिश्ता जरूरी नहीं है, लेकिन लोगों के साथ जुड़ाव और अपनापन बना रहता है। कभी वह सिर्फ दोस्ती होती है, कभी रिश्ता थोड़ा और गहरा भी हो सकता है। हर चीज को किसी एक नाम या दिशा में बांधना जरूरी नहीं है। सबसे जरूरी चीज प्यार और दोस्ती है। मेरे लिए दोस्त वही है, जिसके लिए दिल में सच्चा अपनापन हो।'

ओपन रिलेशनशिप में घोस्टिंग से इनकार किया

शहाना गोस्वामी से जब ओपन रिलेशनशिप में घोस्टिंग यानी अचानक रिश्ता खत्म कर देने को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'असल में ऐसा नहीं होता। मैं लोगों को इग्नोर नहीं करती। इस तरह की जिंदगी अचानक नहीं मिलती। यहां तक पहुंचने के लिए इंसान को खुद पर बहुत काम करना पड़ता है। बाहर से यह आसान लगता है, लेकिन अपने अंदर की जलन और असुरक्षाओं का सामना करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'मैं उन लोगों से अलग हूं, जिनसे वे पहले मिले हैं। मेरी वजह से कई लोगों की असुरक्षाएं बाहर आ जाती हैं। मैं जानबूझकर ऐसा नहीं करती, लेकिन मेरी आजादी लोगों को खुद के बारे में सोचने पर मजबूर करती है और हर कोई इसके लिए तैयार नहीं होता।'

शहाना ने कहा कि कम उम्र में ही उन्हें ओपन रिलेशनशिप के बारे में समझ आ गई थी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि प्यार आजाद होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि रिश्ता किसी इंसान को बांध दे या उसकी जिंदगी सीमित कर दे। इसी सोच ने मेरे रिश्तों और उन्हें निभाने के तरीके को तय किया है।' उन्होंने बताया कि उनके कई ओपन रिलेशनशिप पार्टनर्स एक-दूसरे से मिल चुके हैं। उनके मुताबिक, ऐसे रिश्ते तभी चल पाते हैं, जब उनमें ईमानदारी और खुलकर बातचीत हो। शहाना ने यह भी कहा कि लोग अक्सर यह सोच लेते हैं कि उनकी जिंदगी आसान है या उन्हें कभी मुश्किल भावनाओं का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। उनके मुताबिक, आजादी का मतलब मुश्किलों से भागना नहीं होता। असली आजादी तब आती है, जब इंसान अपनी परेशानियों, डर और भावनाओं का सामना करता है और उनसे भागता नहीं। शहाना का कहना है कि बाहर से देखने वाले लोग अक्सर इसी बात को समझ नहीं पाते।

इमरान खान के साथ काम करना सपना सच होने जैसा

सलमान खान के भांजे व अभिनेता इमरान खान अपनी आगामी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म से इमरान बतौर लीड एक्टर एक लंबे अरसे बाद वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ भूमि पेडनेकर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर फैंस तो उत्साहित हैं ही, लेकिन फैंस से भी ज्यादा उत्साहित खुद भूमि पेडनेकर हैं। यही नहीं भूमि ने इमरान खान को लेकर भी बात की और बताया कि उन्हें इमरान पर जबरदस्त क्रश था। हालिया बातचीत में भूमि पेडनेकर ने इमरान खान पर अपने क्रश के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही मुझे उन पर बहुत बड़ा क्रश था। उनकी सभी रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों में वो सबसे बेहतरीन लगते थे। आजकल ऐसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्में बनती ही नहीं हैं। भूमि के लिए इमरान के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा था। अभिनेत्री अक्सर इमरान के काम की फैन होने की बात कहती रही हैं।

15 साल बाद लीड एक्टर के तौर पर वापसी करेंगे इमरान

इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म 'जाने तू या जाने ना' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वो कई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों में नजर आए। इमरान खान आखिरी बार साल 2015 में फिल्म 'कट्टी बट्टी' में लीड एक्टर के तौर पर नजर आए थे।

यूके की गलियों में शूटिंग कर रहे अहान पांडे

पिछले साल आई सफल फिल्म 'सैयारा' ने अहान पांडे को रातोंरात स्टार बना दिया। अब अहान अली अब्बास जफर के साथ अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभी तक फिल्म का टाइटल सामने नहीं आया है। अब फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक वीडियो सामने आया है। इसने फिल्म को लेकर फैंस में उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो कथित तौर पर फिल्म के यूके शूटिंग शेड्यूल का है। इसमें अहान पांडे के साथ फिल्म की लीड एक्ट्रेस शरवरी वाघ नजर आ रही हैं। फिल्म की 27 दिनों की शूटिंग इस साल की शुरुआत में मुंबई के वाईआरएफ स्टूडियो में पूरी हुई थी। इसके बाद टीम एक लंबे इंटरनेशनल शूट के लिए विदेश रवाना हुई, जिसके लगभग दो महीने तक चलने की उम्मीद है।

सच को ढूंढने निकले अली फजल, सोनाली बेंद्रे स्टारर 'राख' की रिलीज डेट आई सामने

अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख' की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। घोषणा के बाद से ही फैंस इस सीरीज के बारे में हर अपडेट जानने का इंतजार कर रहे थे। अब अंततः मेकर्स ने आज सीरीज की रिलीज डेट जारी कर दी है।

12 जून से स्ट्रीम करेगी 'राख'

मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' 'राख' 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 'राख' एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है। सच्चाई तक पहुंचने के लिए एक इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर देशभर में तलाश अभियान शुरू करता है। जैसे-जैसे वह मामले की गहराई में जाता है, यह केस उसे हिंसा और इंसानी क्रूरता की एक भयावह दुनिया में खींच लेता है। कहानी आगे बढ़ने के साथ-साथ और भी इंटेस होती जाती है।

प्रोसित रॉय ने किया है निर्देशन

प्रोसित रॉय द्वारा निर्देशित 'राख' को अनुशा नंदकुमार और संदीप साकेत ने बनाया, लिखा और सह-निर्देशित किया है। सीरीज के डायलॉग आयुष त्रिवेदी ने लिखे हैं। सीरीज मे सोनाली बेंद्रे, अली फजल और आमिर बशीर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

'जन नायकन' पर बॉबी देओल ने किया खुलासा

बताया कब रिलीज हो सकती है फिल्म

इस साल जनवरी में रिलीज होने जा रही फिल्म 'जन नायकन' कई विवादों के बाद रिलीज नहीं हो पाई। फिल्म के लीड एक्टर थलापति विजय अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। उनके फैंस अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो जाए। इसी बीच फिल्म में विलेन का रोल करने वाले बॉबी देओल ने अमर उजाला को दिए इंटरव्यू में बताया कि यह फिल्म कब रिलीज होने जा रही है।

लीक होने का बहुत दुख हुआ

अमर उजाला को दिए इंटरव्यू में बॉबी ने बताया कि फिल्म 'जन नायकन' कब रिलीज होगी? बॉबी ने कहा, 'यह फिल्म चुनाव से पहले विजय की आखिरी फिल्म होने वाली थी, लेकिन समझ नहीं आया कि कैसे इसकी रिलीज में देरी हो गई? फिर यह लीक भी हो गई, जिसका हम सभी को बहुत दुख हुआ। अब तो यह फिल्म कब रिलीज होगी इसकी कोई जानकारी मुझे अब तक मिली नहीं है। हो सकता है कि यह अगले महीने विजय के जन्मदिन पर रिलीज हो जाए।'

विजय जो चाहते थे हासिल किया

वहीं जब बॉबी से पूछा गया कि सेट पर विजय के साथ उनकी बॉन्डिंग कैसी थी? तो एक्टर ने कहा, 'मैं उनको इतनी अच्छी तरह से जानता नहीं। सेट पर बहुत कम बात होती थी। वो बहुत चप रहते हैं पर मैं बहुत खुश हूं कि उन्होंने वो हासिल किया, जो वो चाह रहे थे। जिस तरह वो चुनाव में जीते हैं, यह अपने आपमें बहुत बड़ी उपलब्धि है।'

कब है थलापति का जन्मदिन?

थलापित विजय इस साल 22 जून को अपना 52वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। ऐसी खबरें हैं कि यह फिल्म उनके जन्मदिन से कुछ दिन पहले 19 जून को रिलीज हो सकती है, पर इस बारे में अब तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। अब बॉबी का यह बयान फिल्म के रिलीज होने की खबर पुख्ता करता है।

क्या है 'जन नायकन' विवाद?

एच विनोथ द्वारा निर्देशित 'जन नायकन' को अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म बताया जा रहा है। यह फिल्म 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन सीबीएफसी से समय पर सर्टिफिकेट न मिलने के कारण इसे टाल दिया गया। फिल्म की रिलीज के समय सेंसर बोर्ड ने अचानक इसे हरी झंडी देने से

इनकार कर दिया। सेंसर पैनल के अधिकांश सदस्य इसे ';' सर्टिफिकेट देने के पक्ष में थे, लेकिन बोर्ड के एक सदस्य ने फिल्म में कथित रूप से धार्मिक सौहार्द बिगड़ने और भारतीय सेना के गलत चित्रण को लेकर आपत्ति जताई, जिससे फिल्म की रिलीज रोक दी गई।

कोर्ट तक पहुंचा मामला

सेंसर सर्टिफिकेट में देरी को लेकर फिल्म के निर्माताओं ने मद्रास हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। विवाद काफी लंबा खिंच गया, जिसके कारण 9 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म अब पांच महीने बीत जाने के बाद भी अटकी हुई है। 'जन नायकन' में थलापति विजय के अलावा पूजा हेगड़े, बॉबी देओल, मामिता बैजू और प्रकाश राज भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

5 जून को रिलीज होगी 'बंदर'

बॉबी देओल जल्द ही अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'बंदर' में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी 'समर' नाम के एक ऐसे पॉप स्टार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका करियर खत्म हो चुका है। वह अपनी पुरानी लोकप्रियता को वापस पाने के लिए बेताब है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब एक महिला उस पर रेप का आरोप लगाती है। अब कौन सच बोल रहा है और क्या झूठ है, ये फिल्म देखने पर पता चलेगा। 'बंदर' 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें बॉबी देओल के अलावा सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी, सपना पब्बी और सबा आजाद भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

घायलों को जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया है

घर में घुसा तेंदुआ, तीन लोगों पर किया हमला, दो की हालत गंभीर

नई दृष्टिबिंदु / धमतरी

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। जिले के कारीपानी गांव में जंगल से निकले एक तेंदुए ने घर में घुसकर तीन लोगों पर हमला कर दिया। इस घटना में तीनों लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है। बर्तन धो रही थी महिला, अचानक पहुंचा तेंदुआ जानकारी के अनुसार, कारीपानी गांव में एक महिला अपने घर के बाहर बर्तन धो रही थी। इसी दौरान जंगल की ओर से अचानक एक तेंदुआ गांव में पहुंच गया। तेंदुए के अचानक दिखाई देने से आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच तेंदुआ घर में घुस गया और वहां मौजूद तीन लोगों पर हमला कर दिया। हमला इतना अचानक हुआ कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। तेंदुए के हमले में तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया। हमले में तीन घायल, दो की हालत गंभीर तेंदुए के हमले में घायल तीनों लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया है। इनमें दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। अचानक हुई इस घटना ने पूरे गांव को डरा दिया है। ग्रामीणों के बीच तेंदुए की मौजूदगी को लेकर चिंता बढ़ गई है। खासकर घरों के आसपास जंगली जानवर के पहुंचने की घटना ने लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता चार माह की गर्भवती कारीपानी में हमले की घटना के बीच आज सुबह बहीगांव में भी तेंदुआ दिखाई देने की जानकारी सामने आई है। इससे आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी दहशत का माहौल बन गया है। तेंदुए की मौजूदगी की खबर फैलने के बाद ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। जंगल से सटे गांवों में रहने वाले लोगों के लिए जंगली जानवरों की आवाजाही बड़ी चुनौती बन सकती है। विशेष रूप से घरों के आसपास तेंदुए की मौजूदगी लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीणों में दहशत इस घटना की सबसे चिंताजनक बात यह है कि तेंदुआ जंगल से निकलकर सीधे आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया और घर के भीतर घुसकर लोगों को घायल कर दिया। आमतौर पर घरों को सुरक्षित स्थान माना जाता है, लेकिन कारीपानी की घटना ने ग्रामीणों के बीच डर पैदा कर दिया है। महिला के घर के बाहर बर्तन धोने के दौरान तेंदुए का पहुंचना बताता है कि हमला पूरी तरह अप्रत्याशित था। घटना के बाद गांव में तेंदुए की गतिविधियों को लेकर चिंता बनी हुई है। तेंदुए की मौजूदगी से सुरक्षा को लेकर चिंता कारीपानी और बहीगांव में तेंदुए की मौजूदगी की खबरों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ऐसे हालात में लोगों को सतर्क रहने और तेंदुआ दिखाई देने पर उससे दूरी बनाए रखने की जरूरत है। फिलहाल इस घटना में तीन लोगों के घायल होने और दो की हालत गंभीर होने की जानकारी सामने आई है। घायलों को जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया है।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म!

पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया

नई दृष्टिबिंदु / रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में नाबालिग अवस्था के दौरान शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। खरसिया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी छोटू राजपूत को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर करीब दो वर्षों तक शादी का झांसा देकर पीड़िता का यौन शोषण करने का आरोप है। पीड़िता ने शिकायत में स्वयं को लगभग चार माह की गर्भवती बताया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पीड़िता ने पुलिस चौकी खरसिया पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। उसने खरसिया निवासी छोटू राजपूत पर शादी का प्रलोभन देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया। शिकायत मिलते ही चौकी प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। एसडीओपी खरसिया सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में तत्काल जांच शुरू की गई। पुलिस ने महिला विवेचक के माध्यम से पीड़िता के बयान दर्ज कराए। इसके साथ ही पीड़िता की सहमति और अभिमत के अनुसार मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोपी से परिचय पीड़िता ने शिकायत में बताया कि सितंबर 2024 में उसका परिचय खरसिया के अटल आवास क्षेत्र में रहने वाले छोटू राजपूत से हुआ था।

आरोप है कि युवक ने अपना मोबाइल नंबर देकर उससे बातचीत शुरू की। इसके बाद दोनों के बीच संपर्क बढ़ा। पीड़िता के अनुसार, 22 सितंबर 2024 को आरोपी उसे घूमने के बहाने खरसिया के जंगल की ओर ले गया। वहां उसने शादी करने का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इसके बाद भी युवक ने कई अवसरों पर उसका शारीरिक शोषण किया। शादी से इनकार का आरोप पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह वतर्मान में लगभग चार माह की गर्भवती है। उसका आरोप है कि आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। शिकायत के अनुसार, पीड़िता घटना की शुरुआत के समय नाबालिग थी। इसी आधार पर पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई हैं। पुलिस ने पीड़िता के बयान और उपलब्ध प्रारंभिक जानकारी के आधार पर अपराध दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई। पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज पीड़िता की शिकायत के आधार पर खरसिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 528/2026 दर्ज किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)( ) तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4 और 6 के तहत कार्रवाई की गई है। ये धाराएं यौन अपराधों और बच्चों के विरुद्ध गंभीर यौन अपराधों से संबंधित हैं।

रायपुर जेल में 760 बंदियों ने रखा 9 दिन का उपवास

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित सेंट्रल जेल में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भक्ति और आस्था का अनोखा माहौल देखने को मिल रहा है। आमतौर पर जेल की चारदीवारी के भीतर सख्त सुरक्षा व्यवस्था, सलाखें और पहरा दिखाई देता है, लेकिन इन दिनों जेल परिसर में मां दुर्गा के जयकारे और जसगीत गूंज रहे हैं। यहां बंदी पूरे श्रद्धाभाव के साथ माता रानी की आराधना कर रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि जेल में बंद कुल 760 बंदियों ने नौ दिनों का उपवास रखा है, जिनमें 52 महिला बंदी भी शामिल हैं। नवरात्रि के दौरान जेल परिसर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और देवी की आराधना की जा रही है। सेंट्रल जेल में भक्ति का अनोखा नजारा रायपुर सेंट्रल जेल में नवरात्रि के दौरान धार्मिक गतिविधियों का विशेष माहौल बना हुआ है। बंदी अपनी आस्था के अनुसार मां दुर्गा की पूजा-अर्चना में शामिल हो रहे हैं। जेल के भीतर ढोलक और मंजीरे की धुन पर जसगीत गाए जा रहे हैं। माता के भजनों और जयकारों से परिसर भक्तिमय बना हुआ है। नवरात्रि के इस आयोजन में बंदी श्रद्धापूर्वक शामिल हो रहे हैं। पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन के माध्यम से वे अपनी धार्मिक आस्था व्यक्त कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नवरात्रि के दौरान जसगीत गाने की विशेष परंपरा रही है। माता की महिमा और भक्ति से जुड़े इन गीतों का धार्मिक आयोजनों में महत्वपूर्ण स्थान है। यही परंपरा रायपुर सेंट्रल जेल में भी देखने को मिल रही है।

760 बंदियों ने रखा नौ दिनों का उपवास रायपुर केंद्रीय जेल में इस बार नवरात्रि के दौरान 760 बंदियों ने नौ दिनों का व्रत रखा है। इनमें 52 महिला बंदी भी शामिल हैं। जेल में उपवास रखने वाले बंदी अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार मां दुर्गा की पूजा कर रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्ति और पूजा-अचर्ना का यह क्रम जारी है। जेल परिसर में इतने बड़े स्तर पर बंदियों की धार्मिक सहभागिता चर्चा का विषय बनी हुई है। महिला बंदियों की भागीदारी भी इस आयोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। श्रद्धालु अपनी मान्यताओं के अनुसार व्रत रखते हैं और देवी की पूजा करते हैं। सेंट्रल जेल में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। बंदी ढोलक और मंजीरे की धुन पर माता रानी के जसगीत गा रहे हैं। जेल परिसर में पूजा-पाठ के दौरान माता के जयकारों की आवाज सुनाई दे रही है। बंदी सामूहिक रूप से धार्मिक गतिविधियों में शामिल होकर भक्ति के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। जसगीत छत्तीसगढ़ की धार्मिक और लोकसांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नवरात्रि में देवी की आराधना के दौरान इन गीतों को गाने की परंपरा कई स्थानों पर देखने को मिलती है। रायपुर जेल में भी बंदियों द्वारा इस परंपरा का पालन किया जा रहा है। बंदियों के लिए आत्मचिंतन का भी अवसर जेल में बंद लोगों के लिए धार्मिक गतिविधियां अपनी आस्था से जुड़ने और आत्मचिंतन करने का अवसर भी हो सकती हैं। नवरात्रि के दौरान पूजा-पाठ और भक्ति में शामिल बंदी अपनी दिनचर्या के बीच आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। कारागार व्यवस्था में अनुशासन और सुरक्षा के साथ बंदियों के सुधार तथा पुनर्वास का भी महत्व होता है। धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां इस व्यापक उद्देश्य में सहायक भूमिका निभा सकती हैं। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में बंदियों पर इस आयोजन के मनोवैज्ञानिक या व्यवहार संबंधी प्रभावों का कोई औपचारिक अध्ययन नहीं बताया गया है। जेल की चारदीवारी में नवरात्रि का उत्साह शारदीय नवरात्रि के अवसर पर देशभर में मां दुर्गा की आराधना की जा रही है।

निगम आयुक्त के आश्वासन पर टला आंदोलन

भिलाई चरौदा। नगर निगम भिलाई चरौदा के ठेका प्लेसमेंट सफाई कामगारों का दो माह से बकाया वेतन का मामला फिलहाल टल गया है। आयुक्त के ठोस आश्वासन के बाद कामगारों ने आज प्रस्तावित आंदोलन स्थगित कर दिया है। दरअसल, अगस्त और सितंबर 2026 का वेतन नहीं मिलने से कामगार आर्थिक संकट में थे। आज सुबह वे दुर्ग सांसद विजय बघेल और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, तभी निगम आयुक्त दुष्यंत सिंह राजपूत ने उन्हें वार्ता के लिए मुख्यालय बुलाया। बैठक में आयुक्त और सफाई दरोगा बिनु वर्मा के साथ सकारात्मक चर्चा हुई।

आयुक्त ने आश्वस्त किया कि 20 अक्टूबर तक दो महीने का पूरा बकाया वेतन कामगारों के बैंक खातों में जमा कर दिया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट ट्रांसपोटर्रों ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी।

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, मलकीत सिंह, जोगाराव सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने डॉ. रमन सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद प्राप्त किया।

पदाधिकारियों ने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश के विकास और जनसेवा के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा की शक्ति के लिए प्रार्थना की।

नवरात्रि में ब्रह्माकुमारी संस्था की अनूठी पहल

नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग

नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, दुर्ग द्वारा मानवता, संवेदनशीलता और आत्मिक सशक्तिकरण का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया गया। बघेरा स्थित आनंद सरोवर में ब्राइट मंदबुद्धि विद्यालय के 40 बच्चों एवं 10 शिक्षकों के लिए विशेष आध्यात्मिक एवं मूल्यनिष्ठ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें खेल-खेल में जीवन-मूल्यों की शिक्षा, प्रेरक कहानियों और राजयोग ध्यान के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और आंतरिक खुशी विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों को अपनत्वपूर्ण वातावरण प्रदान करने के साथ उनके भीतर छिपी क्षमताओं को पहचानने और प्रोत्साहित करने का संदेश देना था। साथ ही, इन बच्चों के साथ निरंतर धैर्य, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने वाले शिक्षकों को मानसिक शांति एवं आत्मिक शक्ति का बच्चों की देखभाल के लिए धैर्य के साथ आत्मिक शक्ति भी जरूरीः रीटा दीदी ब्रह्माकुमारी संस्था की दुर्ग संचालिका रीटा दीदी ने कहा कि विशेष बच्चों की परवरिश और उनकी आवश्यकताओं को समझने के लिए धैर्य, सहनशीलता और भावनात्मक शक्ति की आवश्यकता होती है। माता-पिता के साथ-साथ उन शिक्षकों का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो प्रतिदिन बच्चों को स्नेहपूर्वक संभालते हैं और उनके छोटे-छोटे प्रयासों को सफलता में बदलने के लिए निरंतर मेहनत करते हैं।

"यह समाचार पत्र आलोक तिवारी द्वारा 80/बी, मैत्री विहार, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, जिला दुर्ग, (छत्तीसगढ़)-490023 से आलोक तिवारी की ओर से प्रकाशित की जाती है, जिसका संपादन आलोक तिवारी द्वारा किया जाता है तथा इसका मुद्रण समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स द्वारा प्लॉट नं. 339/6, गली नं. 02, पाटन, थाना उतई, दुर्ग, (छ.ग.)-491111 पर किया जाता है। (समाचार चयन के लिए PRP Act, 2023 के तहत संपादक जिम्मेदार है)। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र दुर्ग होगा।" संपादक आलोक तिवारी, मो. 74154-69100